तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

12 पीएम मोदी 31 अक्टूबर को आएंगे छत्तीसगढ़...


12 विधायक मूणत ने 81 छात्राओं को बांटी साइकिलें


## खबर संक्षेप

### ज्वेलरी शॉप में लूट का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** माना कैंप स्थित पीपी ज्वेलर्स दुकान में लूट का प्रयास करने वाले आरोपी को तेलीबांधा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी प्रणव विश्वास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ज्वेलरी दुकान में 14 सितंबर की शाम को एक नकाबपोश व्यक्ति अंदर आया और चाकू निकालकर उसे लूटने का प्रयास करने लगा। प्रणव ने जब शोर मचाया तो वह भाग गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हरवेंद्र बारले उर्फ टीनू उर्फ राजा निवासी ग्राम भरदा थाना बिरेझर धमतरी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने उसकी निशानदेही पर तेलीबांधा क्षेत्र से एक एक्टिवा जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में दुर्ग जिले के थाना अम्लेश्वर से भी वाहन चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है।

### कार की लूटपाट में शामिल फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीरनगर पुलिस ने कार की लूटपाट में शामिल फरार आरोपी नितिन यादव उर्फ प्रेम निवासी उदया सोसायटी टाटीबंध को गिरफ्तार किया है। नितिन 4 सितंबर को अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट का कार्य करने वाला जनता कॉलोनी दुर्ग निवासी कुलदीप यादव से उसकी कार एवं दो हजार रुपए लूटपाट कर फरार हो गया था। प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में आरोपी ललित यादव उर्फ लल्ला निवासी कापा नहरपारा मोवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कार बरामद की थी, वहीं नितिन एवं उसका अन्य एक साथी फरार हो गए थे। इनमें से नितिन पकड़ा गया, उनका तीसरा साथी अभी भी फरार है।

### देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरटीओ ऑफिस के पास बंजारी नगर रावांभाठा में रीना पटेल नामक महिला अवैध रूप से शराब बेच रही है। इस सूचना पर पुलिस ने छापा मारते हुए महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 92 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 13 हजार रुपए है। महिला के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

### इंडोर स्टेडियम में श्रमिक सम्मेलन के लिए रूट-पार्किंग तय

**रायपुर।** इंडोर स्टेडियम में बुधवार को होने जा रहे श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम के लिए पुलिस ने मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की है। इसके तहत श्रमिक सम्मेलन में आने वाली गाड़ियों का शहर के भीतर प्रवेश पचपेड़ीनाका चौक एवं भाठागांव चौक से होगा। इसी प्रकार पचपेड़ीनाका चौक से होकर आने वाले वाहन सिद्धार्थ चौक, पुलिस लाइन धमतरी गेट, कालीबाड़ी चौक, टीआई चौक से गणेश मंदिर होकर इंडोर स्टेडियम के सामने श्रमिकों को उतारकर महराजबंद तालाब मार्ग पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपना वाहन पार्क करेंगे। भाठागांव चौंक से आने वाले वाहन बस स्टैण्ड के सामने नीलकंठेश्वर मंदिर के बगल मार्ग से होते हुए शीतला मंदिर मठपारा, बजरंग चौक मठपारा, तत्पर कार्यालय कैलाशपुरी होकर कैलाशपुरी ढाल में श्रमिकों को उतारकर महराजबंद तालाब मार्ग पर निर्धारित पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करेंगे।

### युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने हत्या का प्रयास के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 14 सितंबर की रात 11 बजे फिल्टर प्लांट के पास सुदेश नगर उरला के पास की है। अज्ञात कुछ लोगों ने प्रकाश साहू 50 वर्ष के पुत्र अजय पर जान लेवा हमला किया है। उसे घायल अवस्था में बिरगांव स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अपराध दर्ज मामले को जांच में लिया है।

# मेस, ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल के नाम पर निजी मेडिकल कालेजों की वसूली जारी, हाईकोर्ट ने थमाया नोटिस

## मनमानी के कारण प्रवेश से वंचित छात्रा की याचिका पर न्यायालय ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

ऊंची फीस लेने के बाद भी मेस, ट्रांसपोर्ट और हॉस्टल के नाम पर निजी मेडिकल कालेजों द्वारा मनमानी वसूली का दौर थम नहीं रहा है। इन मनमानी की वजह से प्रवेश से वंचित छात्रा की याचिका पर हाईकोर्ट ने सभी निजी कालेजों को नोटिस देकर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। अप्रैल में इसी तरह की शिकायत के आधार पर प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति ने तीन कालेजों पर 10-10 लाख का जुर्माना ठोका था। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों द्वारा मोटी ट्यूशन फीस के साथ सुविधाओं के नाम पर पालकों पर मोटी फीस थोपी जाती है, जबकि एएफआरसी द्वारा तय शुल्क और अन्य सुविधाओं को आप्शनल निर्धारित किया गया है। निजी कालेज की ऐसी ही मनमानी की वजह से प्रवेश से वंचित छात्रा उच्च न्यायालय की शरण में गई। छात्रहित से जुड़े इस संवेदनशील मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। ईडब्ल्यूएस कैटेगरी से जुड़ी एक मेडिकल छात्रा प्रतीक्षा जांगड़े ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में बताया गया है कि कॉलेज के ट्रांसपोर्ट और हॉस्टल का उपयोग नहीं करने के बावजूद उससे प्रबंधन द्वारा लाखों रुपए वसूलने का दवाब बनाया जा रहा है। कॉलेज द्वारा फीस रेग्यूरेट्री नियम का पालन नहीं करने की बात कहीं गई है। चीफ जस्टिस की डीबी में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने तमाम निजी मेडिकल कॉलेजों से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। याचिका में बताया कि फीस रेग्यूरेट्री कमेटी ने निजी मेडिकल कालेजों के लिए ट्यूशन फीस का निर्धारण किया है। इसके अलावा मेस, ट्रांसपोर्ट और हॉस्टल को आप्शनल रखा गया है यानी इसकी सुविधा लेना विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य नहीं है। निजी कालेज इस नियम का ▶▶|शेष पेज 15 पर

**एएफआरसी ने पांच महीने पहले तीन कालेजों पर लगाया था 10-10 लाख का जुर्माना**



### एनआरआई कोटे का सवाल

दायर याचिका में यह भी बताया गया है कि कई गरीब वर्ग के छात्र नीट में चयनित होने के बाद भी इस फीस को जमा करने में असमर्थ रहते हैं और उन्हें सीट छोड़नी पड़ती है। इसी सीट को निजी कालेज एनआरआई कोटे में बदलकर बेच देते हैं। एनआरआई कोटे के तहत 33 हजार डालर प्रतिवर्ष फीस तय है। इसीलिए मेडिकल कालेजों की कमाई अधिक होती है। याचिका में प्रतीक्षा जांगड़े की ओर से पैरवी एडवोकेट हमीदा सिद्दीकी ने की। इसमें कहा गया कि अधिक फीस लेने के कारण छात्रा को मेडिकल सीट छोड़नी पड़ी और अब उसका भविष्य अंधकार में है।

## 20 ट्रेनों से शुरुआत, छत्तीसगढ़ व उत्कल एक्सप्रेस भी शामिल

# प्रीमियम ट्रेनों की तरह एक्सप्रेस में भी टिकट के साथ लंच-डिनर की बुकिंग

- ट्रेनों में पैसे वसूलने, बिल न देने व अनाधिकृत विक्रेताओं की शिकायतों को खत्म करने आईआरसीटी की नई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेनों में पैसे वसूलने, बिल न देने और अनाधिकृत विक्रेताओं द्वारा भोजन बेचने की शिकायतों को खत्म करने के लिए आईआरसीटीसी ने नई व्यवस्था बनाई है। अब प्रीमियम ट्रेनों की तरह नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों में टिकट के साथ अपना भोजन बुक करवा सकते हैं।

पायलट प्रोजेक्ट सफल होने के बाद 20 ट्रेनों में यह सुविधा शुरू हुई है। चरणबद्ध तरीके से पेंट्री कार की सुविधा वाली अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में यह सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है। आईआरसीटीसी ने देश की जिन ट्रेनों में यह सुविधा दी है, उनमें जोन की छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस और उत्कल एक्सप्रेस भी शामिल है। बता दें कि पहले केवल राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों की तरह नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों में भी टिकट के साथ भोजन बुकिंग की सुविधा मिलती थी। एक्सप्रेस ट्रेनों में खानपान की गुणवत्ता सुधारने के लिए आईआरसीटीसी द्वारा ई-पैंट्री सेवा शुरू की गई है।

### *भोजन नहीं मिलने पर वापस होगा पैसा*

*अधिकारियों का कहना है कि पूरी तरह से डिजिटल भुगतान होने के कारण अधिक मूल्य वसूलने की समस्या दूर होगी। केवल आईआरसीटीसी लाइसेंस प्राप्त कर्मचारी ही भोजन वितरित करते हैं, जिससे स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है। अनुपालन, बिलिंग और सेवा गुणवत्ता के लिए ऑर्डर की डिजिटल रूप से निगरानी की जाती है। यदि किसी कारणवश भोजन नहीं मिलता है तो यात्री को पैसे वापस किए जाएंगे। एसएमएस, ईमेल या वाट्सएप के माध्यम से अपडेट साझा किए जाएंगे।*



### दिल्ली से चलने वाली इन ट्रेनों में शुरू की गई ई-पैंट्री सेवा

कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (18237/18238) पुरी-ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस (18477/18478) नई दिल्ली-चेन्नई ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस (12615/12616) हजरत निजामुद्दीन-पुणे दर्शन एक्सप्रेस (12493/12494) नई दिल्ली-विशाखापत्तनम एपी एक्सप्रेस (20805/20806) नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस (12303-04/12381-82) हजरत निजामुद्दीन- गोवा वास्को द गामा एक्सप्रेस (12779/12780) बांद्रा-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस (12925/12926) नई दिल्ली-जयनगर स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561/12562) आनंद विहार टर्मिनल-हटियास्वर्णजयंती एक्सप्रेस (12817/12818) अमृतसर कोचुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12483/12484) हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12649/12650 एवं 12629/12630) हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम मंगलद्वीप एक्सप्रेस (12617/12618)।

### 20 ट्रेनों में इसकी शुरुआत

जून में डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस में इसका पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया था। उसके बेहतर परिणाम के बाद पेंट्री कार सुविधा वाली अन्य 20 ट्रेनों में इसकी शुरुआत की गई है। शीघ्र ही 100 ट्रेनों में और उसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य ट्रेनों में शुरू होगी। यात्रियों के फीडबैक की शिकायतों में कमी के आधार पर इस व्यवस्था का आईआरसीटीसी विस्तार करेगा।

### टिकट खरीदने के बाद भी भोजन बुकिंग की सुविधा

आईआरसीटीसी वेबसाइट पर टिकट बुक करते समय यात्री भोजन की प्री-बुकिंग कर सकते हैं। टिकट बुकिंग हिस्ट्री में भी यह विकल्प उपलब्ध रहता है। इससे वह बाद में भी भोजन व पानी (रेल नीर) की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए यात्रियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। आईआरसीटीसी द्वारा निर्धारित राशि का भुगतान करना होगा। यात्रियों को पुष्टिकरण विवरण के साथ एक एसएमएस और भोजन सत्यापन कोड (एमवीसी) के साथ एक ईमेल भेजा जाता है। यात्रा के दिन यात्री को एसएमएस के माध्यम से एमवीसी प्राप्त होता है। यात्रा के दौरान इसे पेंट्री कार के कर्मचारी को देना होता है। उसकी सीट पर भोजन उपलब्ध करा दिया जाता है।

# कॉमर्स के छात्र पढ़ेंगे कौटिल्य का अर्थशास्त्र, संस्कृत सूत्रों से हल करेंगे ज्यामिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लर्निंग आउटकम बेस्ड है पाठ्यक्रम, फिलहाल नौ विषयों के लिए जारी हुआ मसौदा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने नौ स्नातक विषयों के लिए अधिगम परिणाम-आधारित पाठ्यचर्या रूपरेखा का मसौदा जारी किया है। यूजीसी का कहना है कि नया ड्राफ्ट रटकर सीखने के स्थान पर व्यावहारिक और परिणाम-आधारित अध्ययन की ओर छात्रों को मोड़ने के लिए डिजाइन की गई है। यह छात्रों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जोड़ेगी। पाठ्यक्रम के नए मसौदे में फील्डवर्क, प्रयोगशाला कार्य और इंटरैक्टिव असाइनमेंट के साथ-साथ आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और विश्लेषणात्मक कौशल पर जोर दिया गया है। भारत की ज्ञान परंपराओं पर जोर देने की कोशिश इसके माध्यम से की गई है।

गौरतलब है कि यूजीसी द्वारा प्रत्येक विषय के लिए एक ड्राफ्ट तैयार किया जाता है। इस ड्राफ्ट के आधार पर विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करते हैं। हालांकि इसका पूर्णतः अनुसरण ▶▶|शेष पेज 15 पर

### गीता से हासिल करेंगे नेतृत्व शिक्षा

कॉमर्स में इसमें कौटिल्य का अर्थशास्त्र, राम राज्य के विचार से जुड़ी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी, भगवद गीता से नेतृत्व की शिक्षाएं, भारत बोध, विकसित भारत और भारतीय ज्ञान परंपराओं पर मॉड्यूल शामिल हैं। मानवशास्त्र में चरक और सुश्रुत की रचनाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा से छात्रों को परिचित कराने का लक्ष्य रखा गया है। स्कूली पाठ्यक्रम में इस लक्ष्य के अनुसार कई तरह के बदलाव पहले ही हो चुके हैं। अब महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में भी क्रमशः परिवर्तन किया जा रहा है।

# 100 फर्जी सिम बरामद, साइबर फ्राड में सिम का होता था इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छह आरोपी पकड़े गए

रायपुर पुलिस ने फर्जी सिम कार्ड बेचने के मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। इन सभी के कब्जे से पुलिस ने 100 से अधिक प्री एक्टिवेटेड सिम बरामद किए हैं। ये सभी सिम दूसरे लोगों के नाम पर दर्ज थे। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी इन फर्जी सिम को ऐसे अपराधिक लोगों को महंगे दाम पर बेचा करते थे, जो इनका इस्तेमाल साइबर फ्राड करने के लिए करते हैं। इन फर्जी सिम से अपराधियों ने टेलीग्राम रीव्यू टास्क, ऑनलाइन जॉब, पहचान की चोरी, फेक शेयर ट्रेडिंग एवं कम मूल्य पर सामान बेचने का झांसा देकर ठगी कर चुके हैं। पुलिस अधिकारियों ने फर्जी सिम बेचने के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत साइबर फ्राड करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस मुहिम चला रही है। इसके तहत पुलिस ने पूर्व में फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले दो प्वाइंट ऑफ सेल को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ पर इस मामले में आधा दर्जन और लोगों की संलिप्तता का पता चला। इसके बाद पुलिस ने जांच करते ▶▶|शेष पेज 15 पर



### पूर्व में दो पीओएस एजेंट हुए थे गिरफ्तार

पुलिस की जांच में पूर्व में फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले प्वाइंट ऑफ सेल मोबाइल प्रमोटर आशीष सिंह और पन्नालाल साहू को गिरफ्तार किया गया था। इनमें आशीष जियो, एयरटेल, वी कंपनी का प्रमोटर एवं पन्ना लाल साहू एयरटेल सिम का विक्रेता है। ये दोनों फर्जी सिम बेचा करते थे। इन दोनों की निशानदेही पर ही पुलिस ने इस मामले में अन्य 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

### धोखे से कस्टमर का थंब स्कैन-आई ब्लिंक लेकर करा लेते थे सिम चालू

गिरफ्तार किए गए आरोपी नया सिम लेने एवं सिम पोर्ट कराने वाले कस्टमर को अपना शिकार बनाते थे। इसके लिए नया सिम लेते तथा पोर्ट कराते समय वे संबंधित व्यक्ति का धोखे से डबल थंब स्कैन एवं आई ब्लिंक कराते थे, जिसके जरिए वे ई-केवाइसी कर अतिरिक्त सिम चालू कराते थे।

### 18 लाख से अधिक की ठगी

पुलिस अधिकारियों के अनुसार साइबर फ्राड में इस्तेमाल किए गए फर्जी 41 मोबाइल सिम कार्ड की जानकारी साइबर पुलिस को संबंधित सिम कंपनी से मिली है। इन सिम के माध्यम से अपराधी लोगों को झांसे में लेकर 18 लाख 52 हजार रुपए की ठगी कर चुके हैं। इन मामलों में सिविल लाइन थाना में धारा-317(2), 317(4), 317(5), 3(5) बीएनएस, 42(3) टेलीग्राफ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध है।

## विदर्भ के सिस्टम से बदला मौसम

# घंटेभर की तेज बारिश के बाद शाम तक लगी रही झड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेश के मध्य हिस्से में ज्यादा प्रभाव, आज उत्तरी इलाका भीगेगा

विदर्भ के ऊपर बने चक्रीय चक्रवाती घेरा के प्रभाव से मंगलवार को राजधानी समेत प्रदेश के मध्य हिस्से का मौसम बदल गया। दोपहर एकाएक शुरू हुई बारिश घंटेभर जोरों से बरसती रही। इसके बाद लगी झड़ी ने शाम तक लोगों का पीछा नहीं छोड़ा।

एक सिस्टम झारखंड के ऊपर बना हुआ है, जिसके असर से बुधवार को मध्य के साथ उत्तरी इलाका भी बरसात से भीगेगा। दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे लौट रहा है। राजस्थान के गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों से विदा हो चुका है। छत्तीसगढ़ से इसकी वापसी में अभी वक्त है, इसलिए बारिश की गतिविधि बनी रहेगी। वर्तमान में विदर्भ के ऊपर बने सिस्टम की वजह से मध्य इलाके में बारिश हो रही है। मंगलवार की सुबह से शहर का मौसम बदला हुआ था ▶▶|शेष पेज 15 पर



### रायपुर 868 मिमी. वर्षा

मौसम विभाग के अनुसार सीजन में अब तक 868 मिमी. बारिश हो चुकी है जो औसत से महज आठ फीसदी कम है। राज्य में बरसात अब तक कोटा पूरा कर चुका है और यहां 1046 मिमी. बारिश हो चुकी है। राज्य के बस्तर, बलरापुर, जांजगीर में सीजन का कोटा फुल हो चुका है। बेमेतरा, जशपुर, महासमुंद और सरगुजा में औसत से काफी पीछे है, शेष जिले अपनी सामान्य स्थिति में आ चुके हैं।

# महाराजबंद में सीवरेज का पानी, बदबू से लोग परेशान, 10 करोड़ का एसटीपी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सरोवर धरोहर की दुर्दशा

राजधानी का ऐतिहासिक महाराजबंध तालाब दुर्दशा से अब तक उबर नहीं पाया है। पहले तालाब के आसपास अतिक्रमण के कारण इसका क्षेत्र सिमटा, फिर तालाब से लगे हिस्से की जमीन को पाटकर एक सिरे से दूसरे सिरे तक एमआर रोड बना दी गई। अब उसी तालाब के एक हिस्से में 3 साल से रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड 10 करोड़ खर्च कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनवा रहा है, जो अब तक शुरू नहीं हो पाया। हालत ये है कि सीवरेज का गंदा पानी तालाब में मिलने से उसमें से बदबू उठने लगी है। राहगीरों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। यही नहीं, तालाब का एक बड़ा हिस्सा जलकुंभी से पटा पड़ा है। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित महामाया मंदिर वार्ड के प्राचीन महाराजबंध तालाब में नाले-नालियों का गंदा पानी सीधे तालाब में जाने से पानी प्रदूषित हो रहा है। तालाब की नियमित सफाई नहीं होने से उसमें जलकुंभी की भरमार है। तालाब में मिल रहे नाले-नालियों के गंदा पानी को उपचारित करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने ने 10 करोड़ की लागत से 3 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पुणे की एजेंसी को ठेका दिया है। तीन साल बीतने के बाद भी ▶▶|शेष पेज 15 पर



### जल्द पूरा होगा एसटीपी का काम

तकनीकी कारण से महाराजबंध तालाब के एसटीपी का काम रुका हुआ था। मशीन आ गई है, बाकी का काम जल्द पूरा करवाया जायेगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

\- मीनल चौबे
महापौर, नगर निगम रायपुर

## अंतर्राज्यीय ड्रग्स सप्लाय नेटवर्क से भी जुड़े तार

# टिकरापारा का हिस्ट्रीशीटर शेख निकला हेरोइन पैडलर, कब्जे से देशी कट्टा और हेरोइन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के टिकरापारा क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर शेख साहिल उर्फ कोंदा हेरोइन (चिट्टा) पैडलर निकला। पुलिस ने मंगलवार को उसे हेराइन और देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। इसके साथ एक मोबाइल तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता का पासबुक भी जब्त किया है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी इस बैंक खाता से हेरोइन के पैसों का लेनदेन करता था।

पुलिस के अनुसार आरोपी शेख के अंतर्राज्यीय ड्रग्स सप्लायर नेटवर्क से भी तार जुड़े हुए हैं। रायपुर पुलिस ने हाल ही में पाकिस्तान से प ▶▶|शेष पेज 15 पर

### हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज

टिकरापारा पुलिस के अनुसार कोंदा टिकरापारा थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास, छेड़छाड़, आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई मामले थाने में दर्ज हैं। इसके अलावा वह हेरोइन चिट्टा के कारोबार में भी संलिप्त है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# आयुष्मान की बकाया राशि पर निजी अस्पतालों की टेंशन खत्म, भुगतान के लिए केंद्र से मिले 130 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना की राशि के लंबित भुगतान के लिए निजी अस्पतालों का टेंशन खत्म हो गया है। राज्य शासन द्वारा जारी 375 करोड़ के बाद केंद्र सरकार ने भुगतान के लिए 130 करोड़ की राशि प्रदान की है।

योजना में शामिल निजी अस्पताल क्लेम की राशि नहीं मिलने से नाराज थे और हड़ताल पर जाने का मूड बनाने लगे थे। स्वास्थ्य योजना के हितग्राहियों के इलाज से बहिष्कार की तैयारी कर रहे अस्पतालों की 31 अगस्त को आईएमए के पदाधिकारियों के नेतृत्व में बैठक हुई थी। इसमें राज्य शासन द्वारा 375 करोड़ जारी करने और 130 करोड़ शीघ्र केंद्र से मिलने की जानकारी दी गई थी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने अपना निर्णय वापस ले लिया था, क्योंकि लंबित राशि का भुगतान शुरू हो गया था। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार ने योजना अंतर्गत अस्पतालों को भुगतान के लिए 130 करोड़ की अतिरिक्त राशि रिलीज कर दी है, जिससे तमाम अस्पतालों को पूर्ण बकाया राशि का भुगतान हो जाएगा। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया था कि स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत राज्य में पंजीकृत निजी अस्पतालों द्वारा हितग्राहियों के उपचार के बाद प्रतिदिन 16 से 1700 दावे भुगतान के लिए प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिसकी राशि 4 करोड़ से अधिक है।

राज्य सरकार जारी कर चुकी 375 करोड़, भुगतान से खत्म हुई नाराजगी




### इन्पैनल्ड के इंतजार में कई अस्पताल

आने वाले दिनों में स्वास्थ्य सहायता योजना में हितग्राहियों के उपचार के लिए पंजीकृत अस्पतालों की सूची में बढ़ोतरी होने की संभावना है। योजना में इन्पैनल्ड के लिए कई अस्पतालों ने आवेदन कर रखा है, जिस पर विभागीय स्तर पर विचार किया जा रहा है। वर्तमान में योजना अंतर्गत तमाम शासकीय के अलावा करीब दो हजार निजी अस्पताल पंजीकृत हैं, जहां मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

### सख्त निगरानी के साथ कार्रवाई भी

योजना को लागू करने निर्धारित नियम का पालन नहीं करने वाले अस्पतालों की कड़ी निगरानी की जा रही है। जांच के दौरान फर्जी क्लेम, मरीजों से अतिरिक्त राशि लेने जैसे मामलों में कार्रवाई भी की जा रही है। अब तक नियम तोड़ने के मामले में 118 अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है, जिसमें 24 अस्पतालों का डी-एम्पैनलमेंट तथा 11 अस्पतालों का निलंबन शामिल है।

## खबर संक्षेप



### विधायक मूणत ने 81 छात्राओं को बांटी साइकिलें

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हीरापुर में सोमवार 16 सितंबर को निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक राजेश मूणत के मुख्य आतिथ्य में 81 बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गईं। साथ ही मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए नकद एवं स्कूटी, बाइक प्रदान करने की घोषणा भी की गई। कंप्यूटर शिक्षा के लिए 5 लाख तथा अतिरिक्त कक्षा निर्माण, संस्था में सोलर पैनल लगाने स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं पार्षद संदीप साहू ने संस्था को पंखा एवं एयर कंडीशनर देने की घोषणा की। इस दौरान शाला परिवार के सभी सदस्य, शाला विकास समिति के सभी सदस्य एवं पालकों सहित विधायक प्रतिनिधि दिवाकर अवस्थी, आरपी साहू, डॉ. छनेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

### मां धूमावती सिद्धपीठ में 22 को प्रज्ज्वलित होंगे ज्योति कलश

**रायपुर।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर श्री शीतला माता मंदिर चौक पुरानी बस्ती स्थित मां धूमावती सिद्धपीठ में आत्मकल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्ज्वलन सोमवार 22 सितंबर को प्रातः 11.36 बजे से 12.24 के मध्य शुभ मुहूर्त पर किया जाएगा। सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर पं. नीरज सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व पर मां धूमावती की साधना, आराधना, उपासना के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

### किसानों को अब तक नहीं मिला धान बीज का भुगतान

**रायपुर।** बीज उत्पादक किसानों को धान का भुगतान नहीं मिलने से किसानों भारी आक्रोश है। इस समस्या को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने मांग की है कि किसानों को मंडी बोर्ड से प्रति क्विंटल 200 रुपए के हिसाब से तत्काल भुगतान किया जाए, जिससे किसान जरूरत के समय कृषि कार्य में इसका उपयोग कर सकें। इस मौके पर श्री वर्मा ने कहा कि धान उत्पादक किसानों को सरकार एवं बीज निगम की उदासीनता के चलते अभी तक धान का भुगतान नहीं हो पाया है। किसानों के प्रति यह रवैया भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा को दर्शाता है।



## प्रस्ताव तैयार, मुख्यमंत्री से समय लेकर सौंपेंगे प्रस्ताव : सलीम राज

# वक्फ की पांच हजार करोड़ की 57 सौ संपत्तियों पर कब्जा जल्द जाएगा प्रदेश सरकार को सीबीआई जांच का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने फैसला किया है कि अब पूरे प्रदेश की वक्फ की संपत्तियों को लेकर सीबीआई जांच का प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। पहले महज रायपुर जिले की 500 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जे की जांच का प्रस्ताव भेजने का फैसला किया गया था, लेकिन अब फैसला बदल दिया गया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के मुताबिक प्रदेशभर में वक्फ की 5723 संपत्तियों पर अवैध कब्जा है। इन संपत्तियों की कीमत पांच हजार करोड़ है। इसमें से करीब दो हजार संपत्तियां ऐसी हैं, जिन पर किराएदार काबिज हैं, लेकिन किराया नहीं दे रहे हैं। किराए से ही सालाना दो सौ करोड़ मिल सकते हैं, लेकिन इस समय महज पांच लाख मिल रहे हैं। भारी संख्या में संपत्तियां होने के कारण इसके दस्तावेजों के साथ प्रस्ताव बनाने में समय लग गया है।






डा.सलीम राज का कहना है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से समय लेकर उनको सीबीआई जांच का प्रस्ताव दिया जाएगा। वक्फ के संशोधित कानून के बाद अपने प्रदेश में भी वक्फ बोर्ड ने एक्शन प्रारंभ किया है। प्रदेश भर में वक्फ की संपत्तियों की जांच करके देखा जा रहा है कि कहां पर कौन काबिज है। पूरे प्रदेश में वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा करने की जानकारी सामने आ रही है। बहुत ही संपत्तियों को फर्जी तरीके से बेचे जाने की भी जानकारी मिल रही है। वक्फ की संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने के लिए लगातार कब्जाधारियों को वक्फ बोर्ड द्वारा नोटिस दिया जा रहा है। वक्फ अध्यक्ष डा. सलीम राज का कहना किसी भी हाल में वक्फ की संपत्ति पर किसी को कब्जा करने नहीं दिया जाएगा। वक्फ की एक-एक जमीन को कब्जा मुक्त कराएंगे। जो भी लोग संपत्ति वक्फ की न होने का दावा कर रहे हैं, वो गलत है। हमने सारे दस्तावेज देखने के बाद ही नोटिस जारी किए हैं।

### किया है फर्जीवाड़ा, बेच दी संपत्ति

इस मामले में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का कहना है, रायपुर के दुकानदारों के साथ ही प्रदेशभर से जिनके भी जवाब आए हैं, उन जवाबों से बोर्ड संतुष्ट नहीं है। फर्जीवाड़ा करके जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने बताया, जो खुद किराएदार रहे हैं, वो भला कैसे किसी को जमीन बेच सकते हैं। पूरी तरह से फर्जीवाड़ा करके वक्फ की संपत्ति को बेचने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, प्रदेश में जहां-जहां भी वक्फ की जमीन पर कब्जा है, उसको मुक्त कराया जाएगा।

### सीबीआई जांच का प्रस्ताव तैयार

बोर्ड ने पहले रायपुर जिले की 500 करोड़ की संपत्ति की सीबीआई जांच कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करने का काम प्रारंभ किया था, लेकिन इसके बाद पूरे प्रदेश भर की संपत्ति को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। डा. सलीम राज का कहना है कि 5723 संपत्तियों को लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है। इतनी ज्यादा संपत्तियां होने के कारण इसमें थोड़ा ज्यादा वक्त लगा है। अब सभी संपत्तियों की जांच कराने का प्रदेश सरकार के पास प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव जाएगा। इसके बाद सीबीआई जांच प्रारंभ होगी।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा आज से, पहले दिन रक्तदान शिविर

## 2 अक्टूबर तक लगातार होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस को भाजपा ऐतिहासिक बनाने के लिए जन सेवा के कार्य आयोजित करने जा रही है। भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाने की योजना बनाई गई है। पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके पहले दिन 17 सितंबर को प्रदेशभर में विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रत्येक रक्तदान केन्द्र में कम से कम 75 यूनिट रक्तदान करने की योजना बनाई गई है और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। देश के 75 बड़े महानगरों में युवा मोर्चा द्वारा नमो मैराथन आयोजित किया जाना तय किया गया है। छत्तीसगढ़ के दो शहरों रायपुर और बिलासपुर में नमो मैराथन होगी। श्री सोनी ने बताया, 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा इस दौरान प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन का प्रसारण भी किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत स्कूलों, चिकित्सालयों रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन मंदिर सहित ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें सभी बूथों पर पौधारोपण करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन की जाएगी। प्रदेश स्तर पर 17 सितंबर से एवं जिला स्तर पर 18 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा की प्रदर्शिनी आयोजित की जाएगी। श्री सोनी ने बताया, दिव्यांग और राज्य के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश में वोकल फॉर लोकल का प्रचार कर रहे हैं इसके तहत हमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।



## सीएम साय आज 65.16 करोड़ रुपए श्रमिकों के खाते में करेंगे ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 सितम्बर को अपरान्ह 2 बजे राजधानी रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा प्रदेश के एक लाख 84 हजार 220 श्रमिकों को 65 करोड़ 16 लाख 61 हजार 456 रुपए की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के श्रमवीरों को आर्थिक मदद देने एवं उन्हें संबल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। मंडल द्वारा 01 लाख 77 हजार 049 निर्माण श्रमिकों को 58 करोड़ 32 लाख 38 हजार 136 रुपए, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा 3 हजार 839 हितग्राहियों के खाते में 4 करोड़ 77 लाख 50 हजार 750 तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल द्वारा 3 हजार 332 हितग्राहियों के खाते में 2 करोड़ 06 लाख 72 हजार 570 रुपए डीबीटी के जरिए अंतरित करेंगे।*



■ कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रम मंत्री लखनलाल करेंगे

## एनआरएचएम कर्मचारियों की बर्खास्तगी तानाशाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*सरकार द्वारा आंदोलनरत एनआरएचएम कर्मचारियों को काम पर वापस नहीं होने पर बर्खास्त करने के आदेश का कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने मांगों का समर्थन करते हुए कहा, यह एनआरएचएम कर्मचारियों का हक है, सरकार तत्काल उसे पूरा करे। केन्द्र की सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है, राज्य सरकार चाहे तो एनएचएम कर्मचारियों की मांग पर निर्णय ले सकती है। फिर स्वास्थ्य मंत्री का केंद्र को पत्र लिखने का बहाना करना एनएचएम कर्मचारियों के साथ धोखा है। उन्होंने कहा, भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गांरटी के नाम पर एनआरएचएम कर्मचारियों से वादा किया था, सरकार बनने के तत्काल बाद पूरा किया जायेगा। आज सरकार बने 21 महीना से अधिक समय हो गया है और मोदी की गारंटी अधूरी है। अब एनआरएचएम के कर्मचारी जब भाजपा को उसकी वादा याद दिला रहे हैं। अपनी मांगों को पूरा करने आंदोलन कर रहे हैं, तो सरकार उन्हें नौकरी से बर्खास्त करने एवं वेतन काटने की तानाशाही फरमान जारी करे। डर भय पैदा करके आंदोलन को कुचलना चाहती है, लेकिन एनआरएचएम के कर्मचारी डरेंगे नहीं, कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी हुई है।*



■ एनआरएचएम कर्मचारियों की सभी मांगें जायज, तत्काल पूरी करे सरकार : सुशील

# पीएम मोदी 31 अक्टूबर को आएंगे छत्तीसगढ़, एक नवंबर को नए विधानसभा भवन का करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक हुई। प्रधानमंत्री की यात्रा से जुड़े सुरक्षा प्रबंध, कार्यक्रमों का समय-निर्धारण और लोकार्पण आयोजनों पर विस्तार से चर्चा हुई। उनके रायपुर आगमन पर आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।

पीएम मोदी 31 अक्टूबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, नया विधानसभा भवन बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा, सुबह 11 से 12 बजे के बीच कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष में आयोजित राज्योत्सव समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवीन भवन, छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे तथा राज्योत्सव का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी विधानसभा परिसर में वृक्षारोपण भी करेंगे। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप और ओपी चौधरी, विधायक अजय चन्द्राकर, प्रबोध मिंज, अनुज शर्मा, भावना बोहरा के साथ-साथ राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी और कई विभागों के सचिव भी उपस्थित थे।

## पीएम के आगमन के संबंध में तैयारियों पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

### राज्योत्सव का शुभारंभ, आदिवासी संग्रहालय को लोकार्पण करेंगे



### सभी विभाग समयसीमा में कार्य पूर्ण करें : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, नवीन विधानसभा भवन छत्तीसगढ़ की पहचान बनेगा। नवीन विधानसभा भवन, सितंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में तय किया गया कि विभागों की जिम्मेदारी एवं आपसी समन्वय से कार्य पूर्ण किया जाना है। बैठक मे लोक निर्माण विभाग, उद्यानिकी, संस्कृति विभाग और चिप्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।



### मोदी राज्य को देंगे बड़ी सौगात

बताया गया है कि पीएम मोदी अपने दौरे में छत्तीसगढ़ को कई बड़ी विकास सौगातें भी देंगे। इनमें बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क परियोजनाओं से जुड़े कार्य शामिल होंगे। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से प्रदेश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों में बड़ा बदलाव आएगा।

### अधिकारियों को दिए निर्देश व्यवस्था में न हो कमी

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे। पीएम मोदी का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले इसे जनता तक सीधा संदेश पहुंचाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**
**//शपथपत्र//**

मैं आर्मी नंबर-JC28507211 सुबेदार पुरूषेत्तम पटेल, पिता- साहेब राम पटेल निवासी- वर्धमान नगर, देवपुरी, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है
2. यह कि मेरे सेवा पुस्तिका एवं पी.पी.ओ में मेरी पत्नी श्रीमती ममता पटेल का जन्म दिनांक 08/10/1976 दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है।
3. यह कि मेरी पत्नि श्रीमती ममता पटेल के आधार कार्ड क्रमांक 853237769901 पेन कार्ड क्रमांकCOYPP6304J मतदाता परिचय पत्र क्रमांक WYK3513892 एवं उसके शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरी पत्नि का जन्म दिनांक 10/06/1975 दर्ज है जो सत्य एवं सही है।
4. यह कि, वर्तमान में मै अपने सेवा पुस्तिका एवं पी.पी.ओ. में अपनी पत्नि का सही जन्म दिनांक 10/06/1975 दर्ज कराना चाहता हूँ इस संबंध में विभाग का जो भी नियम व शर्त होगी मुझे मान्य है अतः यह शपथपत्र में मेरी पत्नि का सही जन्म दिनांक 10.06.1975 मेरे सेवा पुस्तिका एवं पी.पी.ओ. में दर्ज किये जाने हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**सत्यापन-** मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूं की इस शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 में लिखी बाते मेरी निजी जानकारी में सत्य एवं सही है अतः अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 16/09/2025

**शपथकर्ता**
**पुरूषेत्तम पटेल**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न. 00062 रायपुर ग्राम के नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440722000345

**-:: ईश्तहार ::-**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00062 के अंतर्गत ग्राम रायपुर के वर्तमान भूमिस्वामी पुसउ साहू पिता/पति भुरवा साहू पता- लाखे नगर रायपुर छ.ग., श्रीमती फुलेसर साहू पिता/पति-पुसउ साहू पता-लाखे नगर रायपुर छग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1534/88(0.0048) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती सुषमा सेन पिता/पति - संतोष कुमार सेन पता- निवासी प्रोफेसर कालोनी, सुभाष नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी । उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार : राममूर्ति दीवान**
**तहसील रायपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
**ग्राम छछानपैरी प.ह.नं. 11**
**रा.प्र.क्र./ अ-74 वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इन्दर पाल पिता प्रीतम सिंह जुनेजा निवासी अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम छछानपैरी प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. केन्द्री उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 216/12, 216/14, 216/25, 216/60, 216/61 रकबा 0.4050, 0.1350, 0.4050, 0.2020, 0.1370, हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था/ समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 29/09/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 12/09/2025 को जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा**

### अभियंता दिवस पर मनाई विश्वेश्वरैया जयंती

**रायपुर।** महान अभियंता भारत रत्न मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती पर सोमवार को विश्वेश्वरैया चौक न्यू सर्किट हाउस में अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। जहां इंजीनियर पीके खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्किट हाउस में आयोजित प्रथम सत्र की मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे एवं विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष इंजीनियर हेमंत वर्मा रहे। इस अवसर पर विश्वेश्वरैया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेशभर से 350 अभियंताओं ने शिरकत की। द्वितीय सत्र एक होटल में किया गया, जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रहे। अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने की एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विस अध्यक्ष इंजी. गौरीशंकर अग्रवाल रहे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आरपीएफ जवान सोमेश कुर्रे बने एएसआई

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा रेलवे स्टेशन के आरपीएफ रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट में पदस्थ आरक्षक सोमेश कुर्रे को पदोन्नत कर सहायक उपनिरीक्षक बनाया गया है। उनके प्रमोशन के उपलक्ष्य में मंगलवार को तिल्दा आरपीएफ थाने में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर तिल्दा आरपीएफ के थाना प्रभारी पति राम जी ने सोमेश कुर्रे को स्टार का बेच लगाकर बधाई दी। साथ ही उनके लिए विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक साहू सहित आरपीएफ के अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थे।

### व्यापारी संघ नें एसडीएम व थानेदार से की ट्रैफिक व्यवस्था सुधार की मांग



**आरंग।** व्यापारी संघ आरंग ने अनुविभागीय अधिकारी आरंग से सौजन्य भेट कर परिचयात्मक बिन्दुओ के साथ नगर में नवरात्री व दीपावली के पूर्व अव्यवस्थित ट्रैफिक सुधार की मांग रखी। जिसमे उन्होंने कहा की भारी वाहनों क्रो रात्रि 12 बजे के बाद ही नगर में प्रवेश दे। पश्चात थानेदार से मिलकर भीं नगर में हों चोरियो के लिए जो पेट्रोलिंग गाड़िया रात्रि गस्त करती है वे कालोनीयों व शहर में नियमित हों इस पर सकारात्मक चर्चा हुई । प्रतिनिधिमण्डल में अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, संरक्षक दीपक सोनी, आननद द्वारकानी, रामधन चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, डा. मनोज चंद्राकर, पंकज शुक्ला, रमेश साहू, शरद गुप्ता व अन्य व्यापारीगण की उपस्थिति रही।

### जादूगर अनिल कुमार को ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड्‌स से मिला सम्मान



**अभनपुर।** अभनपुर के जादूगर अनिल कुमार साहू ने अपनी जादुई कला का प्रदर्शन कर 'ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय जादुई समारोह में दिया गया। 'क्रिएटिव कल वेलफेयर ट्रस्ट' द्वारा आयोजित इस समारोह में देशभर से 156 जादूगरों ने भाग लिया था। जादूगर अनिल कुमार साहू ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसके बाद उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है।

### रोजगार मेला में 247 युवाओं को मिला नौकरी का अवसर

**मंदिर हसौद।** आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 13 सितंबर को आईसेक्ट सेंटर मंदिर हसौद में एक निःशुल्क रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। इस रोजगार मेले में 8 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने लगभग 250 पदों के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। आर्कोस सर्विसेस (फ्लिपकार्ट), वेक्टर फाइनेंस, टेक्नोटॉस्क बिजनेस सोल्यूशन, टीवीएस सर्विसेस, पेटीएम इंडिया और एफएसएम जैसी कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया। लगभग 436 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया और साक्षात्कार में हिस्सा लिया, जिनमें से पहले चरण में 247 उम्मीदवारों का चयन किया गया। इस आयोजन से 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और आईटीआई डिप्लोमा धारक सभी युवाओं को लाभ मिला। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में सेंटर के संचालक जीएस परिहार और घनश्याम पात्रे का विशेष योगदान रहा।

बैठक : नेवरा में मनवा कुर्मी समाज का प्रकरण निदान बैठक कुर्मी छात्रावास नेवरा में हुई

# युवाओं में संवेदनशीलता का अभाव असफल प्रेम विवाह का कारण : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की एक महत्वपूर्ण 'प्रकरण निदान बैठक' कुर्मी छात्रावास नेवरा में आयोजित की गई। राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पारिवारिक विवादों और सामाजिक समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में उत्पन्न हो रहे विवादों का निराकरण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्ट देव श्रीराम चंद्र और समाज के आदिपुरुषों की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

बैठक में, लिखित आचार संहिता का पालन करते हुए, पारिवारिक विवादों से संबंधित 32 पंजीकृत प्रकरणों में से कई का निराकरण किया गया। इस कार्य में केंद्रीय व राज कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सलाहकारों और राज के 95 गांवों से आए लगभग 500 प्रबुद्ध स्वजातियों का सहयोग रहा। अध्यक्ष की आसंदी से राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने विशेष रूप से कम समय में ही हो रहे विवाह विच्छेद के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसके लिए कई कारणों को जिम्मेदार ठहराया, जिनमें कम उम्र में ही संस्कारों से विमुख होकर प्रेम विवाह करना, अपरिपक्व बौद्धिक क्षमता, और मोबाइल व टेलीविजन पर दिखाए जाने वाले पारिवारिक विवादों से भरे धारावाहिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की अवहेलना प्रेमी जोड़ों पर भारी पड़ रही है। उन्होंने समाज में बढ़ रही विजातीय विवाहों की प्रवृत्ति को सामाजिक व्यवस्था पर कुठाराघात बताया और कहा कि आपसी प्रेम और बेहतर सामंजस्य ही सफल दाम्पत्य जीवन का आधार है।

### नारी शक्ति की भागीदारी और तकनीकी शिक्षा पर जोर

नगर पालिका परिषद नेवरा-तिल्दा की अध्यक्ष चंद्रकला खुमान वर्मा ने समाज में नारी शक्ति की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने रोटी-बेटी के संबंधों के साथ ही रचनात्मक गतिविधियों और वर्तमान वैश्विक परिवेश के अनुरूप तकनीकी शिक्षा की वकालत की। मुख्य संरक्षक **महेश नायक ने समाज हित में लिए गए सकारात्मक निर्णयों की सराहना करते हुए कहा कि वह मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का सेवक होने पर गौरवान्वित महसूस करते हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

बैठक के साथ-साथ, राज युवाध्यक्ष दीपक वर्मा के नेतृत्व में एमआरएम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल खरोरा के सहयोग से एक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, आँख, कान, गले और पेट संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों और समाज के लोगों की जाँच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

## खिलोरा में स्कूल की बेशकीमती जमीन पर विवाद, पंचायत पर निजी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अभनपुर

शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा के नाम पर आरक्षित बेशकीमती भूमि (खसरा नंबर 722, रकबा 0.7900 हे.) को लेकर गांव में विवाद उत्पन्न हो गया है। ग्राम पंचायत पर आरोप है कि वह एक निजी व्यक्ति, राधेश्याम अग्रवाल, को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस भूमि की अदला-बदली करने का प्रयास कर रही है। इस मामले ने गांव में तनावपूर्ण माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि शिक्षण संस्थान के लिए दर्ज है और अत्यंत बेशकीमती है। उपसरपंच शरद पटेल, पूर्व जनपद सदस्य लीलाधर तिवारी, गिरीश पटेल, और श्रवण तारक ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को हुई ग्राम सभा में भूमि की अदला-बदली के इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद, सरपंच और कुछ पंचों ने मिलकर 9 सितंबर को उसी प्रस्ताव को दोबारा पारित कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कदम नियमों के विरुद्ध है और सरपंच द्वारा भूमि की अफरा-तफरी करने का प्रयास किया जा रहा है।

### एसडीएम से हस्तक्षेप की मांग

इस मामले में ग्रामीणों ने एकजुट होकर एसडीएम (राजस्व) अभनपुर को शिकायत पत्र सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने स्कूल की आरक्षित भूमि को यथावत रखने और इस अदला-बदली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने सरपंच और इस निर्णय में शामिल पंचों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में उपसरपंच शरद पटेल, पूर्व जनपद सदस्य लीलाधर तिवारी, गिरीश पटेल, श्रवण तारक, केशव गिलहरे, तुलसी पाल, नंदू पटेल, मन्नू सेन सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले में जल्द संज्ञान लेकर उनकी संपत्ति को सुरक्षित करेगा।

## जिला स्तरीय शालेय कबड्डी स्पर्धा में 144 खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरपोंगी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरपोंगी में जिला स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में रायपुर जिले के चारों विकासखंडों - तिल्दा, आरंग, धरसीवां और अभनपुर के लगभग 144 बालक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष मिलेंद्र भरत किंकर थे, जबकि जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में कृष्ण कुमार वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य अनिरुद्ध पाण्डेय और सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलके जाहीरे उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब 20 सितंबर को कसडोल में होने वाली संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रायपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस पूरे आयोजन में सभी विकासखंडों से आए क्रीड़ा अधिकारी और व्यायाम शिक्षकों ने सहयोग दिया।

## अखंड रामधुनी स्पर्धा का समापन, विजेताओं को मिला पुरस्कार



**अभनपुर।** अभनपुर विकासखंड के ग्राम बेलर में आयोजित तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य अनु तारक, जनपद सदस्य रानी मनोज सोनवानी, सरपंच शीला चंद्रशेखर टंडन और उप सरपंच खेमलता प्रेमलाल साहू सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। प्रतियोगिता में झाँकी और गायन दोनों श्रेणियों में रामधुनी मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। झाँकी प्रदर्शन में प्रथम पुरस्कार संगी जहुरिया रामधुनी मंडली छिपली को मिला, जबकि दूसरा स्थान पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगाँव (बालोद) और तीसरा स्थान जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला (अर्जुंदा) ने हासिल किया। गायन वर्ग में जय छत्तीसगढ़ लोक कला रामधुनी मंडली गुदगुदा (धमतरी) प्रथम रही, वहीं दाई के दुलार रामधुनी मंडली कन्हारपुरी (बालोद) को द्वितीय और जय बजरंग रामधुनी मंडली बकली (कुरुद) को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा, अन्य मंडलियों को भी उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया। इस सफल आयोजन में घनश्याम रिंगरी, खेमचंद साहू, वासुदेव यादव, श्रीराम यादव, राधेरमण साहू, तिलक यादव, रघुवीर यादव, माखन शर्मा, लोकनाथ साहू और गांव के सर्व समाज के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।



## चरौदा में बच्चों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

**आरंग।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 16 से 30 सितंबर तक देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पखवाड़ा भर स्वच्छता जागरूकता संबंधी प्रत्येक दिवस अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जानी है। जिसमें प्रथम दिवस स्वच्छता शपथ व समुदाय में संदेश तथा स्वच्छता पर विचार संबंधी गतिविधियां निर्धारित है।इसी कड़ी में मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में सीआरपीएफ कंपोजिट हास्पीटल भिलाई स्टाफ ने पहुंचकर बच्चों को स्वच्छता के महत्व को बताया।साथ ही स्वच्छता का शपथ दिलाकर ग्राम के मुख्य मार्ग में स्थित पनखटिया तालाब किनारे साफ सफाई कर समुदाय को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता सभा में डाक्टर इन्दु वशिष्ठ ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा स्वच्छता को अपने आचरण में शामिल करें क्योंकि अधिकतर बिमारियां गंदगी से ही फैलती है। यदि हम स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तो कई रोगों से भी बच पाऐंगे। वही स्वच्छता सभा का संचालन करते शिक्षक महेन्द्र पटेल ने बताया यहां प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जाता हैं। इसलिए यहां के बच्चे स्वप्रेरित होकर ही कचरों को डस्टबिन में डालते हैं।इस अवसर पर सीआरपीएफ कंपोजिट हास्पीटल स्टाफ से डाक्टर शालिनी चौधरी, डा. इंद्रु वशिष्ठ, फार्मासिस्ट कुलदीप जंबोलकर, प्रनीत डेका, सिस्टर कला, फिजियोथैरेपिस्ट योहिमिकी सहित अन्य मेडिकल स्टाफ तथा स्कूल प्रबंधन से प्रधान पाठक कीर्ति कुमार परमाल, वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल, सूर्यकांत चन्द्राकार, डिलेश्वर साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी स्कूली बच्चों की सहभागिता रही।

## फर्जी एनओसी के खिलाफ भड़के अल्दा के ग्रामीण, एसडीएम कार्यालय का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम अल्दा के ग्रामीणों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में तहसील और एसडीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। ग्रामीण एक प्रस्तावित प्लांट के विरोध में लामबंद हुए हैं, जिसके लिए पूर्व सरपंच द्वारा कथित तौर पर फर्जी तरीके से एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से इस प्लांट का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालाजी कंपनी के इस प्रस्तावित प्लांट की जनसुनवाई के दौरान भी सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में इसका विरोध दर्ज कराया था। इसके बावजूद, प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि फर्जी एनओसी के संबंध में कई बार लिखित शिकायत करने के बाद भी शासन-प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की है। इसी से नाराज होकर आज मंगलवार को बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण तहसील कार्यालय के सामने मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन करने पहुँच गए। बारिश के बावजूद ग्रामीण मुख्य गेट के सामने डटे रहे, जिसके बाद अंदर से गेट का ताला बंद कर दिया गया। मौके पर खरोरा थाना के थाना प्रभारी सहित पुलिस स्टाफ और रायपुर से बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात रहा। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि इस मामले की जाँच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार देर शाम तक ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे।

## पेज 13 के शेष...

### मेस, ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल...

पालन करने के बजाए सभी विद्यार्थियों से कैंटीन, परिवहन और आवास सुविधा शुल्क के रूप में बड़ी राशि जमा कराते हैं। इस मामले में प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति पहले भी गंभीरता दिखा चुकी है और अप्रैल में तीन निजी चिकित्सा महाविद्यालयों पर इसके लिए 10-10 लाख का जुर्माना किया था।

### कॉमर्स के छात्र ...

अनिवार्य नहीं होता है। प्रत्येक विवि में केंद्रीय अध्ययन समिति होती है, जिसके द्वारा पाठ्यक्रम का निर्धारण किया जाता है।

**उपचार पद्धतियों में दूध, जल व शहद की भूमिका:** रसायन विज्ञान में आयुर्वेद, सिद्ध और होम्योपैथी के मॉड्यूल शामिल हैं। छात्र पारंपरिक औषधियों और उपचार पद्धतियों में दूध, जल और शहद की भूमिका के बारे में जानेंगे। पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थ भी इस पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। इसी तरह गणित में इसमें काल गणना (समय-निर्धारण विधियां), सूत्र-आधारित अंकगणित, शुल्ब सूत्रों अर्थात संस्कृत के सूत्रों से ज्यामिति, सूर्य सिद्धांत एवं आर्यभट्टीयम जैसे ग्रंथों से खगोलीय अवधारणाओं को शामिल किया गया है। आर्यभट्ट, रामानुजन और कापरेकर के योगदान पर प्रकाश डाला गया है।

### 100 फर्जी सिम बरामद...

हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महाराष्ट्र एवं चार रायपुर के निवासी हैं। इन आरोपियों में क्रमशः शिवानंद चौहान 34 वर्ष निवासी देवला नासिक महाराष्ट्र, प्रियेष यादव 23 वर्ष निवासी कामठी नागपुर महाराष्ट्र के अलावा जगमोहन भारती 39 वर्ष निवासी डूण्डा थाना मुजगहन, नागेश्वर चक्रधारी 25 वर्ष निवासी निमोरा राखी, निखिल चावला 33 वर्ष निवासी अमलीडीह एवं बॉबी खत्री 27 वर्ष निवासी ओम विहार तेलीबांधा शामिल है।

### घंटेभर की तेज...

और दोपहर होने के बाद एकाएक बारिश शुरू हो गई। बरसात को देखते हुए इसके क्षणिक असर होने का अंदाजा था, जो गलत साबित हुआ और घंटेभर की झमाझम से जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश इतनी तेज थी कि कई सड़कों में पानी भर गया। इसके बाद शुरू हुई झड़ी ने शाम तक अपना असर दिखाया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शाम तक लालपुर मौसम वेधशाला में 17 मिमी. और माना में 27 मिमी. बारिश हो गई। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में विदर्भ के अलावा एक ऊपरी चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी झारखंड और उसके आसपास स्थित है। इसके असर से बुधवार को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में खड़गंवा, चांपा, पचपेढ़ी, बम्हनीडीह में 7-7 सेमी., बेलगहाना, बिहारपुर में 6-6, बलौदा, पसान, सकोला, नवागढ़ शिवरीनारायण, बिलाईगढ़, जैजेपुर, भटगांव में 5-5 सेमी. तक बारिश हुई।

### महाराजबंद में सीवरेज...

एसटीपी का काम पूरा नहीं हो पाया है। सिविल वर्क का काम पूरा होने के बाद मेकैनिकल कार्य को अब तक पूरा नहीं किया गया है। इस संबंध में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, अनुबंधित एजेंसी द्वारा महाराष्ट्र सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में लगने वाली मशीन मंगा ली गई है। इसे इंस्टाल करने का काम इन दिनों चल रहा है। इसमें ब्लोअर, डिजी सेट मशीन शामिल है। मशीन इंस्टाल करने के बाद एक माह तक इसका ट्रायल किया जाएगा ।

### टिकरापारा का हिस्ट्रीशीटर...

जाब के रास्ते से ड्रग्स सप्लाय नेटवर्क से जुड़े पंजाब निवासी अंतर्राज्यीय तस्कर सहित 20 स्थानीय आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग एक करोड़ रुपए कीमत का 412.87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) जब्त किया था। इस कार्रवाई में एटीएम कार्ड, चेक बुक, मोबाइल, क्रेटा कार, तौल सिल्वर रोल पेपर के साथ हेरोइन का सेवन करने के उपयोग में लाया जाने वाला जला हुआ नोट भी जब्त किया था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस लगातार ड्रग्स कारोबार के नेटवर्क से जुड़े लोगों की पतासाजी कर रही थी। इस कड़ी में पुलिस को शेख उर्फ कोंदा के जुड़े होने की खबर मिली। इस आधार पर पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया, तो उसके कब्जे से देशी कट्टा के साथ हेराइन चिट्टा भी बरामद हुआ।

गुरु खुशवंत ने देवरी में किया आंगनबाड़ी केंद्र का भूमिपूजन

# ग्राम विकास के लिए जनता और जनप्रतिनिधियों की साझेदारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग

जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवन्त साहेब मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के बाद मंत्री ने ग्राम के बुजुर्गों, शिक्षकों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। ग्राम आगमन पर सरपंच चेतन टेकचंद साहू के अगुवाई में पंचगणों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह में दयालु राम यादव का राउत नाचा, सुआ नृत्य और विशाल बाइक रैली आकर्षण का केंद्र रहा। स्वागत पश्चात सरपंच श्रीमती साहू ने ग्राम विकास से जुड़ी कई मांगों का वाचन किया। मंत्री श्री गुरु ने सरपंच की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि जनता की समस्याओं व जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में गुरु खुशवन्त साहेब ने कहा कि ग्राम विकास तभी संभव है जब जनता की भागीदारी और जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास जुड़ जाए। देवरी ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र का भूमिपूजन होना इस बात का प्रमाण है कि हम गाँव के बच्चों और माताओं के पोषण व स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील हैं। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो।

इस अवसर पर चर्मकार शिल्प बोर्ड अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रीतम साहू, के.के. भारद्वाज वरिष्ठ भाजपा नेता, गणेश साहू, सत्यार्थ साहू, भाजपा मंडल महामंत्री दौलत राम साहू, नीरज चंदूलाल चंद्राकर, वेदराम खुटे, गोविंद साहू, महेश साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि पद्मिनी साहू, जनपद सदस्य निर्मला साहू, सहित गांव के वरिष्ठ नागरीकगण सुकालु राम साहू, मन्नू राम साहू, खेदराम साहू, यादराम साहू, ईश्वरी साहू, तिलोचन साहू, रामावतार साहू, रामगोपाल साहू, मणि यादव, चुन्नीलाल साहू, इतवारी राम साहू, भागवत साहू, मुरली साहू, बुधराम साहू, युवा मोर्चा प्रमुख चूलेश साहू, विजय यादव, मदन यादव, मोहित साहू, कुमार साहू, दिनेश कुमार साहू, तुकेश साहू, घनश्याम साहू सहित ग्राम पंचायत देवरी के सरपंच प्रतिनिधि टेकचंद साहू, उपसरपंच भोलेश्वर साहू, पंचगण विशाखा साहू, लता साहू, देवकी यादव, धन्नू साहू, दुलारी साहू, प्रमिला साहू, मोहित साहू, बोधन साहू, झरना साहू और मोरध्वज साहू सहित गांव के महिला समूह भारी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### पूरे क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी



उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत देवरी ने जो मांगें रखी हैं, उन्हें प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। ग्रामीण अंचल की खुशहाली, किसानों की समृद्धि और युवाओं के रोजगार के लिए योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। आप सभी का विश्वास और आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मैं भरोसा दिलाता हूँ कि विकास के कार्यों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मंत्री श्री गुरु के उद्बोधन का जोरदार स्वागत किया। ग्रामवासियों ने विश्वास जताया कि मंत्री के मार्गदर्शन में देवरी ग्राम पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**//राजस्व मामले में नोटिस//**

रा.प्र.क्र. 20250711400006 A/6 अ
वर्ष-2024-25
ग्राम केन्द्री तहसील अभनपुर

प्रति,
1. श्रीमति हसीना बानो पति मो. हनीफ गंज निवासी आदमजी हाउस मौदहापारा रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
2. श्रीमति परवनीन बानो पति मो. इकबाल गंज निवासी म.न. 165 वार्ड नं 06 मेन रोड मैनपुर गरियाबंद जिला गरियाबंद छ.ग.

आपको इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक गुहाराम साहू पिता श्री समारू साहू निवासी ग्राम केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम केन्द्री प.ह.नं. 16 रा.नि.म. केन्द्री तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 6/2 रकबा 0.5980 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक ने सुशासन तिहार 2025 में इस भूमि के नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश किया था। तत्संबंध में पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसके अनुसार ऑनलाईन कम्प्यूटरीकृत नक्शा में खसरा नं. 6/2 के स्थान पर खसरा नं. 4/2 अंकित होना पाया गया है। जो ऑनलाईन कम्प्यूटरीकृत नक्शा में खसरा नं. 4/2 वास्तविकता एवं मौका में खसरा नं. 6/2 है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि के ऑनलाईन कम्प्यूटर नक्शा में हुई त्रुटि को सुधार कर खसरा नं. 4/2 के स्थान में खसरा नं. 6/2 दर्ज किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त प्रकरण आपकी उपस्थिति / जवाब हेतु पशी दिनांक 29/09/2025 को नियत है।

अतः आप नियत पेशी दिनांक 29/09/2025 को इस न्यायालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**अभनपुर, जिला- रायपुर**

## खबर संक्षेप

### विश्वकर्मा जयंती पर कर्मचारियों का अभिनंदन आज

**रायपुर।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल में 17 सितंबर को कर्मचारियों को लेकर एक विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। समारोह में प्रेरक उद्बोधन के बाद महाराष्ट्र मंडल भवन, आफिस, मेस, संत ज्ञानेश्वर विद्यालय, दिव्यांग बालिका विकास गृह, शंकर नगर बाल वाचनालय, फिजियोथैरेपी सेंटर, सखी निवास (कामकाजी महिला वसति गृह व छात्रावास) के कर्मचारियों का अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर कर्मचारियों की ओर से कुछ रोचक प्रस्तुतियां भी होंगी।

### शिव संकटमोचन मंडली को मिला सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार




**रायपुर।** जेसीआई वामा कैपिटल द्वारा साईं नगर जोरा में मंगलवार को स्वरांजलि-आध्यात्मिक सुरों का अनोखा संगम भजन प्रतियोगिता हुई। इस स्पर्धा में शिव संकटमोचन मंडली ने पहली बार आध्यात्मिक सुरों का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वंदना बिसेन ने बताया कि 25 टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा में मंडली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से माया द्वारा प्रस्तुत ढोलक वादन को निर्णायकों ने सराहनीय और अद्वितीय बताया। यह आयोजन मंडली के लिए एक यादगार और प्रेरणादायी अनुभव साबित हुआ। इस कार्यक्रम में माया बेस, मीना ठाकुर, स्मिता नामदेव, भाग्यश्री, अंतिमा ठाकुर आदि शामिल थीं।

### शाश्वत हिंदू जागृति संगठन के पदाधिकारियों को नवीन दायित्व

**रायपुर।** विगत दिनों एक सनातनी संगठन शाश्वत हिंदू जागृति की राष्ट्रीय स्तर पर एक वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें सनातन धर्म और हिंदुत्व के संरक्षण और जनचेतना के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत नागरिकों ने अपना-अपना पक्ष रखा, जिसमें जम्मू-कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से पश्चिम बंगाल तक सभी प्रांत के सनातनी सम्मिलित हुए और शाश्वत हिंदू जागृति के भारत के साथ ही वैश्विक स्तर पर विस्तार पर चर्चा की गई। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक अनुपम उपाध्याय ने देते हुए बताया कि शाश्वत हिंदू जागृति के न्यास मंडल, राष्ट्रीय संयोजक राजीव लोचन श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से छत्तीसगढ़ प्रांत के लिए निम्नलिखित दायित्व प्रदान किए गए हैं, जिसमें छग प्रांत मंत्री प्रमोद देशपांडे, मीडिया एवं प्रचार के प्रांत प्रभारी प्रकाशपुंज पांडेय, मीडिया एवं प्रचार के सह प्रांत प्रभारी अंशुमान अवस्थी बिलासपुर के यह दायित्व तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होंगे।



## निधन

### रामकुमार तिवारी



**रायपुर।** कमल विहार सेक्टर-1 निवासी रामकुमार तिवारी (97) का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे विमला मिश्रा के पिता, प्रो. पंकज मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर पूनम शर्मा एवं वरिष्ठ पत्रकार पराग मिश्रा के नाना थे।

### मथुराबाई सोनकर



**रायपुर।** पुरानी बस्ती निवासी मथुराबाई सोनकर (77) का 16 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 सितंबर की सुबह 10 बजे महादेव घाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे मोहन सोनकर, बसंत सोनकर, अधिवक्ता गजेंद्र सोनकर माता थीं।

# रविवि मांग रहा एनओसी, कॉलेज दे रहे माइग्रेशन! सिर पकड़कर बैठा परीक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि संबद्ध महाविद्यालयों से परेशान हो गया है। परीक्षा संबंधित नियमों का महाविद्यालयों द्वारा पालन नहीं किए जाने के कारण कई तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आ रही हैं। विवि प्रबंधन द्वारा जो डॉक्यूमेंट मांगे जा रहे हैं, उसके स्थान पर अन्य तरह के दस्तावेज वे छात्रों को थमा रहे हैं। अंततः अब रविवि ने संबद्ध सभी शासकीय व निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को खत लिखकर इस संदर्भ में अवगत कराया है। गौरतलब है कि विवि द्वारा 2017 में महाविद्यालय स्थानांतरण के नियमों में परिवर्तन किए गए थे। इसके मुताबिक, उचित कारण होने पर छात्र डिग्री अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रम की मध्य अवधि में ही महाविद्यालय बदल सकते हैं।

एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानांतरण पर छात्रों द्वारा संबंधित महाविद्यालयों से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित 100 रुपए प्रक्रिया शुल्क के रूप में देने होते हैं। रविवि में आवेदन प्रस्तुत करने के बाद गुण-दोषों पर विचार करते हुए जिस कॉलेज में छात्र जाना चाहते हैं, वहां स्थान रिक्त होने पर परीक्षा विभाग द्वारा अनुमति दी जाती है।

## एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय जाने वाले छात्रों को देना होता है अनापत्ति प्रमाणपत्र

### आदेश के बाद ही जारी होगा माइग्रेशन

रविवि के अनुसार, अन्य महाविद्यालय में स्थानांतरण के लिए विवि के समक्ष प्रस्तुत प्रकरण में प्रायः यह देखा गया है कि छात्र वर्तमान में जिस महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं, उनके द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र के स्थान पर स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। महाविद्यालयों को केवल अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा। विवि द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी किए जाने के बाद ही छात्रों को टीसी प्रदान किया जाएगा। नियमों का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में पूरी जवाबदेही महाविद्यालयों के प्राचार्य की होगी।



### दिसंबर में होगी सेमेस्टर परीक्षाएं

रविवि द्वारा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर-जनवरी में आयोजित की जाती हैं। इस बार भी इन्हीं तिथियों में आयोजन होगा। इसके लिए आवेदन अक्टूबर अंत अथवा नवंबर की शुरुआत से प्रारंभ होंगे। इसी दौरान आंतरिक मूल्यांकन और प्रायोगिक परीक्षाओं का भी आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में छात्रों द्वारा गलतियों की पुनरावृत्ति ना हो, इसलिए पहले ही प्राचार्यों को खत लिख दिया गया है। गलत डॉक्यूमेंट भरे जाने तत्पश्चात उसमें सुधार के लिए छात्रों को परीक्षाओं के दौरान विवि के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## महापौर मीनल चौबे ने प्रस्ताव बनाने अधिकारियों को दिये निर्देश

# काठाडीह, देवपुरी, अमलीडीह के बीएसयूपी परिसर के लिए अब अलग से सफाई गैंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- काठाडीह बीएसयूपी में 2 हजार आवास, अमलीडीह में 400, देवपुरी में 125 गरीबों के लिए निर्मित आवास शामिल

शहर के आउटर इलाकों में स्थित पीएम आवासीय परिसर और बीएसयूपी आवासीय परिसर की सफाई व्यवस्था सुधरेगी। सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण काठाडीह, देवपुरी और अमलीडीह के बीएसयूपी परिसर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। इसीलिये अब यहां के लिए अलगस से सफाई गैंग उपलब्ध कराने की तैयारी है। महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को जोन 10 के कार्य की समीक्षा बैठक में जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे से इसके लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों के संबंध में वार्ड पार्षदों से चर्चा कर नाला-नाली निर्माण संबंधी इस्टीमेट अभी से तैयार करने की हिदायत दी गई।


जोन 10 भेजेगा प्रस्ताव

शहरी सरकार अब गरीबों के आवासीय परिसर की साफ-सफाई पर अपना ध्यान फोकस कर रही है। वार्ड परिसीमन के बाद कई नये इलाके भी जोन कमिश्नरी क्षेत्र में जुड़े गये हैं। इसके लिए अलग से सफाई कर्मचारी नहीं होने से रहवासी परिसर की सफाई पर असर दिखने लगा है। नगर निगम जोन 10 के वार्ड पार्षदों और जोन के अधिकारियों के साथ महापौर मीनल चौबे ने अमलीडीह स्थित जोन कार्यालय में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए बनाये गये बीएसयूपी आवासीय परिसर में सफाई व्यवस्था सुधारने की जरूरत बताई गई। बैठक में शामिल वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य डॉ अनामिका सिंह, जोन अध्यक्ष सचिन मेघानी सहित अन्य वार्डो के पार्षदों ने अपने-अपने विचार रखे।

महापौर मीनल चौबे ने वार्डो में जलभराव की समस्या दूर करने और सुगम निकास कायम करने नई नालियों और नालों के निर्माण का प्रस्ताव भेजने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया। वार्ड पार्षदों से चर्चा के दौरान यह बात भी सामने आई कि देवपुरी और लालपुर में लोगों की सुविधा के लिए नया बगीचा विकसित किया जाये। तालाबों के सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम की दशा सुधारने संबंधी प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिये।

बैठक में जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद गायत्री नौरंगे, विनय पंकज निर्मलकर, मनोज जांगड़े, सुषमा तिलक साहू, विनय प्रताप सिंह ध्रुव सहित जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता आशीष शुक्ला, सहायक अभियंता योगेश यदु सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुये।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डीएमएफ की निगरानी के लिए बनेगी राज्य स्तरीय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य सरकार ने गड़बड़ियों को देखते हुए बनाए नए नियम

डीएमएफ फंड में राज्य के कई जिलों में गड़बड़ी के बाद इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार ने नया नियम बनाया है। समिति में कार्य निष्पादन विभागों, वित्त और योजना विभाग के सचिवों तथा खान मंत्रालय भारत सरकार का एक प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होगा। राज्य में डीएमएफ की निगरानी के लिए भूविज्ञान और खनन विभाग या किसी अन्य विभाग के सचिव को भी राज्य स्तरीय समिति के सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया जाएगा।

राज्य सरकार द्वारा डीएमएफ की कार्यप्रणाली की निगरानी के लिए राज्य स्तरीय नोडल डीएमएफ प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सचिवालय के रूप में कार्य करेगा। समिति द्वारा डीएमएफ के कार्य निष्पादन और पारदर्शिता मापदंड के अनुपालन में लेखा परीक्षा और डीएमएफ की वार्षिक रिपोर्ट की निगरानी करेगी।

### शिकायत का निवारण

डीएमएफ एक शिकायत निवारण सिस्टम भी तैयार करेगी। डीएमएफ निधियों को अनुचित उपयोग, परियोजनाओं के खराब क्रियान्वयन या जिला खनिज न्यास के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर उसका निराकरण पर भी ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर को शिकायत मिलने के 30 दिन के अंदर इसका निराकरण कर शिकायतकर्ता को जवाब देना सुनिश्चित किया जाएगा।

### डीएमएफ के लिए जैम पोर्टल से होगी खरीदी

राज्य सरकार ने यह भी तय किया है कि डीएमएफ फंड की लिए की जाने वाली खरीदी राज्य सरकार द्वारा एचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद डीएमएफ द्वारा कार्यों के लिए सामान की खरीदी की जा सकती है। यह जैम पोर्टल के माध्यम से की गई खरीदी को ही प्राथमिकता दी जाएगी। खरीदी में भंडार क्रय नियम का पालन किया जाना होगा, इस संबंध में संबंधित विभाग को सूचित भी करना होगा।

# ड्रंक एंड ड्राइव के मामले में 15 दिनों में 91 वाहन चालकों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कोर्ट ने 10 से 15 हजार का लगाया अर्थदंड

रायपुर पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान छेड़ा हुआ है। इस अभियान के तहत पिछले 15 दिनों में 91 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्रकरणों को कोर्ट भेजा है। कोर्ट ने सभी चालकों पर 10 से 15 हजार रुपए तक अर्थदंड लगाया है। जिन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, उनमें 32 दोपहिया, 45 कार एवं 11 माल वाहक हैं।

### चालू वर्ष में 1277 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 532 का लाइसेंस निलंबन

रायपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चालू वर्ष में अभी तक 1277 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही इन प्रकरणों में 532 वाहन चालकों का लाइसेंस भी निलंबित किया है।

### रात 11 से 2 बजे तक अनेकों जगह पर बैरिकेडिंग लगा कर की जा रही जांच

ड्रंक एंड ड्राइव पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस रात के समय में 11 बजे से 2 बजे तक शहर के अलग-अलग पाइंटो पर बैरिकेडिंग लगाकर गाड़ी चालकों की जांच कर रही है। इस जांच में चालक के नशे में पाए जाने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। चालू अगस्त में 15 दिनों के भीतर पुलिस ने ऐसे ही 91 वाहन चालकों पर कार्रवाई की है, जो नशे की हालत में गाड़ी चला रहे थे। इनमें दोपहिया, कार एवं माल वाहक भी शामिल हैं।

## अब रेत, मिट्टी, पत्थर, बजरी से सरकार जुटाएगी 150 करोड़, होगा गौण खनिज क्षेत्र का विकास

हरिभूमि न्यूज▶ रायपुर

- अब सरकार ने बनाया राज्य खनिज अन्वेषण न्यास नियम 2025
- खनिज मंत्री की अध्यक्षता में बनेगा शासी परिषद

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार अब रेत, मिट्टी, पत्थर और बजरी जैसे साधारण खनिजों से मिलने वाली रायल्टी से लगभग 150 करोड़ रुपए जुटाएगी। सरकार का कहना है कि इस राशि से गौण खनिज क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। खास बात ये है कि इस काम के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य खनिज अन्वेषण न्यास नियम 2025 बनाया है। इसके तहत एक न्यास की स्थापना होगी और इसके माध्यम से खनिज संसाधनों की खोज, व्यवस्थित विकास और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

### *न्यास करेगा ये काम*

*छत्तीसगढ़ राज्य खनिज अन्वेषण न्यास राज्य में खनिज संसाधनों के नियोजित विकास और उनके अन्वेषण के लिए अल्पकालीन, मध्यकालीन, और दीर्घकालीन विजन और मिशन योजनाएं तैयार करेगा। अन्वेषण का मास्टर प्लान और संसाधनों का भौमिकीय और विस्तृत अन्वेषण और आकलन करना भी इसका काम होगा। वन क्षेत्रों में अन्वेषण, भू-भौतिकीय, जमीनी और हवाई सर्वेक्षण खनिज विकास, सतत विकास उन्नत वैज्ञानिक और तकनीकी पद्धतियों को अपनाने के लिए अध्ययन और उसका क्रियान्वयन भी करेगा। निम्न श्रेणी के खनिजों पर खनिज बेनिफिसियेशन और मूल्य संवर्धन का अध्ययन, राज्य में ड्रोन सर्वे करने खनन संबंधी गतिविधियों की निगरानी का काम भी यही न्यास करेगा।*

### यह है गौण खनिज

ऐसे प्राकृतिक पदार्थ है जैसे बजरी, रेत, पत्थर और साधारण मिट्टी, जिनका आर्थिक मूल्य कम होता और इनका उपयोग मुख्य रूप से निर्माण कार्यों, सजावट और स्थानीय उद्योगों में होता है। इन खनिजों के उत्खनन का पट्टा राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### इसलिए बनाया गया है ये न्यास

दरअसल मुख्य खनिज, लोहा, तांबा, बॉक्साइट व अन्य महत्वपूर्ण खनिज केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। लेकिन राज्य में इनके खनन से प्राप्त होने वाली रायल्टी का 2 प्रतिशत हिस्सा नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट में दिया जाता है। इस राशि से मुख्य खनिजों के अन्वेषण, खोज, वगैरह में खर्च किया जाता है। ठीक इसी तरह राज्य के हिस्से में आने वाले गौण खनिजों की रायल्टी से मिलने वाली राशि का दो प्रतिशत हिस्सा छत्तीसगढ़ राज्य खनिज अन्वेषण न्यास के हिस्से में आएगा। उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि दो प्रतिशत के हिसाब से यह राशि करीब डेढ़ सौ करोड़ रुपयों के आसपास होगी।

### बनेगा शासी निकाय

छत्तीसगढ़ राज्य खनिज अन्वेषण न्यास के लिए एक शासी परिषद बनेगा जिसमें खनिज मंत्री अध्यक्ष होंगे। राज्य के खनिज एवं वित्त विभाग एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव, सदस्य होगें। संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म सदस्य सचिव, और इसी विभाग के अपर संचालक सदस्य होंगे। शासी निकाय के अध्यक्ष खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में विशेष ज्ञान रखने वाले किसी व्यक्ति को शासी निकाय की बैठक में आमंत्रित कर सकते हैं। इनके अलावा एक बड़ी कार्यकारिणी भी होगी।

# दुर्गा समितियों के लिए विद्युत विभाग ने जारी किया दिशा-निर्देश, अस्थाई कनेक्शन मिलेगा, अवैध पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शारदीय नवरात्रि में दुर्गा समितियों के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके तहत दुर्गा समितियों को पंडाल स्थल पर अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके लिए संबंधित जोन कार्यालय में उन्हें आवेदन करना होगा, साथ ही अस्थाई बिजली कनेक्शन के लिए जो शुल्क एवं बिजली खपत होगी, उसके अनुसार बिल का भुगतान भी करना होगा। विभाग ने समितियों को यह भी हिदायत दी है कि अवैध रूप से बिजली कनेक्शन पंडाल स्थल पर पाया गया, तो समिति के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### इन नियमों का भी करना होगा पालन

दुर्गा समितियों को ट्रांसफार्मर एवं विद्युत तारों से दूरी बनाकर पंडाल स्थापित करना होगा। कटे-छिले तारों का उपयोग नहीं करेंगे, उचित क्षमता वाले वायर एवं स्वीच का उपयोग करना होगा। आपातकालीन स्थिति में विद्युत विभाग कार्यालयों के नंबरों पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### अस्थाई कनेक्शन देने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति, मोबाइल नंबर जारी

विभाग ने अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने के लिए क्षेत्रों के अनुसार अधिकारियों की नियुक्ति के साथ उन सभी के मोबाइल नंबर भी जारी किया है। इसके तहत लाखेनगर, आमापारा, समता, चौबे कालोनी, पुरानी बस्ती टिकरापारा सहित आसपास क्षेत्र के लिए कार्यपालन अभियंता व्हीके तिवारी, तात्यापारा, राठौर चौक, एमजी रोड, पंडरी, शास्त्री चौक, गोलबाजार सहित आसपास के क्षेत्र के लिए कार्यपालन अभियंता अविनाश कुमार निवडिंग, तेलीबांधा, अवंति विहार, सिविल लाइर्न, काशीराम नगर सहित आसपास क्षेत्र के लिए कार्यपालन अभियंता विनय चंद्राकर तथा अमलीडीह, वीआईपी रोड, देवपुरी सहित आसपास के क्षेत्र के लिए कार्यपालन अभियंता आशीष अग्निहोत्री को नियुक्त किया है।

## पेज 13 के शेष

### मेस, ट्रांसपोर्ट, हॉस्टल...

पालन करने के बजाए सभी विद्यार्थियों से कैंटीन, परिवहन और आवास सुविधा शुल्क के रूप में बड़ी राशि जमा कराते हैं। इस मामले में प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति पहले भी गंभीरता दिखा चुकी है और अप्रैल में तीन निजी चिकित्सा महाविद्यालयों पर इसके लिए 10-10 लाख का जुर्माना किया था।

### कॉमर्स के छात्र...

अनिवार्य नहीं होता है। प्रत्येक विवि में केंद्रीय अध्ययन समिति होती है, जिसके द्वारा पाठ्यक्रम का निर्धारण किया जाता है।

**उपचार पद्धतियों में दूध, जल व शहद की भूमिका-** रसायन विज्ञान में आयुर्वेद, सिद्ध और होम्योपैथी के मॉड्यूल शामिल हैं। छात्र पारंपरिक औषधियों और उपचार पद्धतियों में दूध, जल और शहद की भूमिका के बारे में जानेंगे। पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थ भी इस पाठ्यक्रम का हिस्सा हैं। इसी तरह गणित में इसमें काल गणना (समय-निर्धारण विधियां), सूत्र-आधारित अंकगणित, शुल्ब सूत्रों अर्थात संस्कृत के सूत्रों से ज्यामिति, सूर्य सिद्धांत एवं आर्यभट्टीयम जैसे ग्रंथों से खगोलीय अवधारणाओं को शामिल किया गया है। आर्यभट्ट, रामानुजन और कापरेकर के योगदान पर प्रकाश डाला गया है।

### 100 फर्जी सिम ...

हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महाराष्ट्र एवं चार रायपुर के निवासी हैं। इन आरोपियों में क्रमशः शिवानंद चौहान 34 वर्ष निवासी देवला नासिक महाराष्ट्र, प्रियेष यादव 23 वर्ष निवासी कामठी नागपुर महाराष्ट्र के अलावा जगमोहन भारती 39 वर्ष निवासी डूण्डा थाना मुजगहन, नागेश्वर चक्रधारी 25 वर्ष निवासी निमोरा राखी, निखिल चावला 33 वर्ष निवासी अमलीडीह एवं बॉबी खत्री 27 वर्ष निवासी ओम विहार तेलीबांधा शामिल है।

### घंटेभर की तेज ...

और दोपहर होने के बाद एकाएक बारिश शुरू हो गई। बरसात को देखते हुए इसके क्षणिक असर होने का अंदाजा था, जो गलत साबित हुआ और घंटेभर की झमाझम से जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश इतनी तेज थी कि कई सड़कों में पानी भर गया। इसके बाद शुरू हुई झड़ी ने शाम तक अपना असर दिखाया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शाम तक लालपुर मौसम वेधशाला में 17 मिमी. और माना में 27 मिमी. बारिश हो गई। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में विदर्भ के अलावा एक ऊपरी चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी झारखंड और उसके आसपास स्थित है। इसके असर से बुधवार को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में खड़गंवा, चांपा, पचपेढ़ी, बम्हनीडीह में 7-7 सेमी., बेलगहाना, बिहारपुर में 6-6, बलौदा, पसान, सकोला, नवागढ़ शिवरीनारायण, बिलाईगढ़, जैजेपुर, भटगांव में 5-5 सेमी. तक बारिश हुई।

### महाराजबंद में सीवरेज...

एसटीपी का काम पूरा नहीं हो पाया है। सिविल वर्क का काम पूरा होने के बाद मैकेनिकल कार्य को अब तक पूरा नहीं किया गया है। इस संबंध में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, अनुबंधित एजेंसी द्वारा महाराष्ट्र सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में लगने वाली मशीन मंगा ली गई है। इसे इंस्टाल करने का काम इन दिनों चल रहा है। इसमें ब्लोअर, डिजी सेट मशीन शामिल है। मशीन इंस्टाल करने के बाद एक माह तक इसका ट्रायल किया जाएगा ।

### टिकरापारा का हिस्ट्रीशीटर ...

जाब के रास्ते से ड्रग्स सप्लाय नेटवर्क से जुड़े पंजाब निवासी अंतर्राज्यीय तस्कर सहित 20 स्थानीय आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग एक करोड़ रुपए कीमत का 412.87 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) जब्त किया था। इस कार्रवाई में एटीएम कार्ड, चेक बुक, मोबाइल, क्रेटा कार, तौल सिल्वर रोल पेपर के साथ हेरोइन का सेवन करने के उपयोग में लाया जाने वाला जला हुआ नोट भी जब्त किया था। इस कार्रवाई के बाद पुलिस लगातार ड्रग्स कारोबार के नेटवर्क से जुड़े लोगों की पतासाजी कर रही थी। इस कड़ी में पुलिस को शेख उर्फ कोंदा के जुड़े होने की खबर मिली। इस आधार पर पुलिस ने जब उसे गिरफ्तार किया, तो उसके कब्जे से देशी कट्टा के साथ हेराइन चिट्टा भी बरामद हुआ।

# एयरपोर्ट पर आज यात्री सेवा दिवस, तिलक लगाकर करेंगे स्वागत, विभिन्न आयोजन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर 17 सितंबर को यात्री सेवा दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान आने वाले यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा और सीनियर सिटीजन का विशेष ख्याल रखा जाएगा। स्कूली बच्चों के लिए देशभक्ति की थीम पर प्रश्नावली और चित्रकला स्पर्धा के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

विमानतल के डायरेक्टर किशोर कुमार लहरे ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि यात्री सेवा दिवस पर विभिन्न आयोजन किया जाएगा। आवाजाही करने वाले वयोवृद्ध यात्रियों को आवश्यकता के अनुसार स्टाफ द्वारा मदद प्रदान की जाएगी और अन्य का स्वागत तिलक लगाकर किया जाएगा। बुधवार को दिनभर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें विमानतल में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया जाएगा। टर्मिनल के एराइवल गेट के भीतर छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों द्वारा नृत्य का आयोजन किया जाएगा, जो आने जाने वाले यात्रियों को प्रदेश की लोककला संस्कृति से अवगत कराएगा। यात्रियों को पिक एंड ड्राप करने वाले टैक्सी चालकों के लिए निशुल्क नेत्र परीक्षण का आयोजन किया जाएगा और टर्मिनल के भीतर स्टेक होल्डरों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।



# बिजली बिल भुगतान के ऑनलाइन सिस्टम में कमजोरी का करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डिजिटल युग में अब ऑनलाइन भुगतान का जमाना है। ज्यादातर भुगतान ऑनलाइन हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी में भी बिजली बिलों का ज्यादातर भुगतान कई माध्यमों से ऑनलाइन हो रहा है, लेकिन पॉवर कंपनी के ऑनलाइन भुगतान का सिस्टम कमजोर होने से कारण उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।

बिल भुगतान के एक सप्ताह के बाद भी उपभोक्ताओं का खाता अपडेट नहीं हो रहा है और मोर बिल ऐप में उपभोक्ताओं का अब सरचार्ज के साथ बिल दिख रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि अन्य कंपनियों की तरह भुगतान होने के बाद तत्काल भुगतान मिलने का मैसेज भी पॉवर कंपनी से नहीं आता।

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं को जो हर माह जितनी बिजली बेचती है, उसमें से हजार करोड़ से ज्यादा का भुगतान हर माह ऑनलाइन होता है। इसके लिए उपभोक्ता नेट बैंकिंग, पेटीएम, गुगुल पे, फोन पे सहित कई तरह के ऑनलाइन ऐप का उपयोग करने के साथ मोर बिजली ऐप का भी उपयोग करते हैं। इससे भुगतान तो आसानी से हो जाता है और अब पहले की तरह बिजली कंपनी के डीसी सेंटर में लंबी लाइन लगाने की भी जरूरत नहीं पड़ती है।

### भुगतान के बाद मैसेज भी नहीं

ऑनलाइन भुगतान में एक यह अच्छी बात है कि अगर किसी भी बिल का भुगतान किया जाता है तो उसका तत्काल मैसेज आ जाता है। फोन कंपनियां हों या अन्य किसी भी सामान की कंपनी से किसी भी तरह से किसी को भी ऑनलाइन भुगतान करने पर तत्काल भुगतान प्राप्त होने का मैसेज आ जाता है। लेकिन बिजली बिल के भुगतान के 1साथ ऐसा नहीं है। उपभोक्ता जिस ऐप से भुगतान करते हैं, उस ऐप से पैसे कटने का मैसेज तो तत्काल आ जाता है, लेकिन पॉवर कंपनी से कभी मैसेज नहीं आता है कि भुगतान प्राप्त हो गया है।




### समस्या करेंगे दूर

बिल भुगतान के दो दिनों के बाद आमतौर पर खाता अपडेट हो जाता है। इतने दिनों बाद भी खाता अपडेट क्यों नहीं हुआ है, इसका पता लगाकर समस्या को दूर किया जाएगा।

- **भीम सिंह कंवर**, एमडी, वितरण कंपनी

### भुगतान के बाद भी खाता अपडेट नहीं

बिजली के जिन उपभोक्ताओं के बिल के भुगतान की अंतिम तिथि 15 सितंबर है, उनमें से कई उपभोक्ताओं ने 11 सितंबर को भुगतान किया है, लेकिन इसके बाद भी उपभोक्ताओं के खाते अपडेट होना तो दूर 16 सितंबर को उनका बिल सरचार्ज के साथ मोर बिजली ऐप में दिख रहा है। इससे उपभोक्ता परेशान हो गए हैं कि उनका भुगतान होने के बाद भी आखिर क्यों सरचार्ज के साथ बिल दिख रहा है। जबकि बिल के भुगतान के बाद मोर बिजली में मैसेज रहता है कि दो दिनों के अंदर आपका खाता अपडेट हो जाएगा, लेकिन छह दिनों के बाद भी खाता अपडेट नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह आज से

**रायपुर।** जिला सिविल कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बुढ़ापारा स्थित गांधी मैदान में तीन दिवसीय 17 से 19 सितंबर तक भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बुधवार को सुबह 10 बजे स्वास्थ्य शिविर, श्रमिक कार्ड शिविर, ठेकेदारों के स्वागत सहित कई कार्यक्रम रखे गए हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे भंडारा एवं हवन कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि शाम 7 बजे लोकछाया छाया चंद्राकर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, विधायक मोतीलाल साहू, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे होंगे।

### मेकाहारा में आज मनाई जाएगी विश्वकर्मा जयंती

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर अस्पताल के मेट्रन अधिकारी, ऑपरेशन थियेटर के उपकरण, महत्वपूर्ण लॉन्ड्री विभाग के उपकरण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे से करेंगे। साथ ही लॉन्ड्री विभाग के दक्ष कारीगरों का सम्मान भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे। कर्मचारी नेता दिनेश सोनकर ने बताया कि प्रबंधन का उद्देश्य है, कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना और अच्छे कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना अस्पताल को सुचारू रूप से चलाना, जिससे अस्पताल संचालन में गतिशीलता आएगी। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उप नर्सिंग अधीक्षक नंदा रंगारी, डी. अश्लेशम, दुर्गा ठाकुर, रश्मि मसीह, अभिलाषा, लक्ष्मी सरकार, स्मृति सिंह शामिल होंगी।

## स्वास्थ्य कार्यालयों में बढ़ी हलचल, कुछ कर्मचारी ड्यूटी पर लौटे

# चेतावनी बेअसर, हड़ताल पर डटे रहे संविदा कर्मी विभाग काम पर नहीं आने वालों की बना रहा सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभागीय स्तर पर बर्खास्तगी की चेतावनी हड़ताली एनएचएम के संविदा कर्मचारियों पर ज्यादा असर नहीं दिखा पाई है। नियमित किए जाने सहित अन्य मांगों पर वे लिखित आश्वासन के लिए धरने पर बैठे रहे। जिला स्तर के स्वास्थ्य कार्यालयों में कुछ कर्मचारी काम पर लौटे हैं वहीं विभागीय स्तर पर ज्वाइनिंग नहीं देने वालों की सूची भी तैयार की जा रही है।

एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को कल विभागीय स्तर पर बर्खास्त करने की चेतावनी दी गई थी। उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए मंगलवार की मोहलत दी गई थी। नौकरी से निकाले जाने की धमकी का हड़ताली कर्मचारियों पर कोई खास असर नहीं हुआ और कुछ को छोड़कर वे काम पर नहीं लौटे। कर्मचारियों का दो टूक कहना है कि जब तक उन्हें मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता, उनकी हड़ताल जारी रहेगी। इधर स्वास्थ्य सचिव स्तर पर जारी आदेश का पालन करने के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मैदानी अफसरों को निर्देशित किया गया है कि वे ब्लाक स्तर पर उन कर्मचारियों की सूची तैयार करें जिन्होंने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की है। विभाग द्वारा कुछ समय पूर्व इस आंदोलन को अवैध मानते हुए 25 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया था। इसके विरोध में प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपना सामूहिक इस्तीफा दे दिया था। हड़ताल की वजह से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है और निचले स्तर पर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान आज से

इधर राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रदेशभर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी, सीएचसी, जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल का असर इस अभियान पर पड़ेगा। प्रदेश के ज्यादातर स्वास्थ्य केंद्रों में एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।




### नहीं लौटेंगे काम पर- कर्मचारी संघ

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे अध्यक्ष डा. अमित मिरी एवं प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि नौकरी से निकालने की धमकी के बजाए विभागीय अधिकारियों को मांगे पूरी करनी चाहिए। अधिकारियों की गलत जानकारी देने के कारण सरकार और कर्मचारियों के आमने-सामने आने की स्थिति निर्मित हुई है। कर्मचारियों ने मांग की कि मुख्यमंत्री को मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मांगों पर विचार किया जाना चाहिए। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं। बरसात के मौसम में ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों के लोग इलाज के लिए शहरों का रुख करने को मजबूर हैं।

# धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती, कल से मुख्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम 18 से 22 सितंबर तक सेरीखेड़ी स्थित अग्रसेन धाम में आयोजित है। उद्घाटन समारोह के अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर अग्रवाल होंगे। अग्रसेन जयंती का मुख्य कार्यक्रम 22 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

- अग्रसेन धाम में 18 से 22 सितंबर तक विविध कार्यक्रम
- मुख्य कार्यक्रम 22 को मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय के मुख्य आतिथ्य में

पत्रकारों से चर्चा करते हुए अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की शुरुआत राजधानी में 7 सितंबर से हुई है। इसके लिए रायपुर को 19 मोहल्लों में बांटा गया है। इसमें मोहल्ले स्तर पर सर्वप्रथम जयंती के कार्यक्रम आयोजित किये गये, जो 7 सितंबर से 14 सितंबर तक अनेक कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। 13 और 14 सितंबर को 19 मोहल्लों में रंगारग कार्यक्रम हुए। हमने सर्व समाज के लिए अग्रथॉन दौड़ का आयोजन किया, जिसमें 2,250 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लेने पंजीयन कराया।

### रजत जयंती वर्ष पर छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य झांकी

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन ने बताया कि 22 सितंबर को अग्रसेवा दिवस और महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस मौके पर अग्रसेन भगवान की पूजा, विशाल शोभायात्रा के साथ छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य झांकी भी निकाली जायेगी। इसके साथ ही शहर के 3 मोहल्लों को जोन बनाकर 10 आकर्षक झांकी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेगी। 18 सितंबर को चावल की टोकरी, छोटे मियां बड़े मियां, भारतीय वेशभूषा पर केंद्रित फैशन शो, तत्वा बैंड की प्रस्तुति होगी। 19 तारीख को देवलोक की लीला, रामा पेंटिंग, किड्स कलाकार डांस, , श्याम बाबा के भजन का कार्यक्रम रखा गया है।

आयोजन की कड़ी में 20 तारीख को महिला सम्मेलन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि भावना बोहरा, विधायक पंडरिया और भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज पांडे, सरिता अग्रवाल शामिल होंगी। इसी दिन योग प्रतियोगिता, विज्ञान की दुनिया, मॉयथोलॉजिकल मेराथान प्रतियोगिता होगी।

## बिजनेस साइट

### बीएमसी में उन्नत कैंसर थेरेपी पर हुई कार्यशाला



**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी), रायपुर ने 'छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव' से पहले एक उन्नत कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला कार्ट-टी सेल थेरेपी और थेरेप्यूटिक अफेरेसिस जैसी नवीनतम तकनीकों पर केंद्रित रही। डॉ. नीलेश जैन और डॉ. दिव्येंदु डे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विशेषज्ञों और मेडिकल छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को कार्ट-टी सेल कलेक्शन, स्टेम सेल थेरेपी और साइटाफेरेसिस के तकनीकी पहलुओं पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए बीएमसी की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि यह पहल कैंसर मरीजों के लिए आशा की नई किरण है। उन्होंने बीएमसी को सेल और जीन थेरेपी का राष्ट्रीय केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्ट-टी सेल थेरेपी एक अत्याधुनिक इम्यूनोथेरेपी तकनीक है, जो शरीर की इम्यून कोशिकाओं को कैंसर से लड़ने में सक्षम बनाती है।

### श्री बालाजी सेल में हैंडलूम और गारमेंट्स पर बंपर ऑफर्स



**रायपुर।** श्री बालाजी सेल की ओर से रायपुर में एक भव्य हैंडलूम और रेडीमेड गारमेंट्स की सेल का आयोजन किया गया है। यह सेल घड़ी चौक स्थित गुरुतेग बहादुर हॉल, राजभवन गेट-3 के सामने, गढ़कलेवा के पास लगाई गई है। यहां जयपुरी प्रिंटेड चादरें, स्टाइलिश पर्दे, टॉवेल, कार्पेट और अन्य घरेलू सजावट का सामान बेहद किफायती दामों में उपलब्ध है। फैशन प्रेमियों के लिए भी यह सेल किसी तोहफे से कम नहीं है। ब्रांडेड टी-शर्ट्स, शर्ट्स और बैगी जीन्स पर आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह रायपुरवासियों के लिए एक सुनहरा मौका है, जहां वे घरेलू और फैशन से जुड़ी जरूरतों को कम कीमत में पूरा कर सकते हैं। फ्री एंट्री और पार्किंग की सुविधा के साथ यह सेल केवल कुछ दिनों के लिए है, इसलिए जल्द पहुंचें और इस मौके का लाभ उठाएं।

### लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक की 31वीं वार्षिक आमसभा हुई




**रायपुर।** लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. रायपुर की 31वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन मिलेनियम प्लाजा जीई रोड स्थित बैंक परिसर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक की संस्थापक एवं अध्यक्ष सत्यबाला अग्रवाल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में बैंक की स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा को साझा किया। वर्ष 1994 में मात्र 15 लाख की पूंजी और कुछ महिलाओं के सहयोग से शुरू हुआ यह बैंक आज 16000 सदस्यों तक पहुंच चुका है। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन, सहकारिता गीत तथा विभिन्न प्रस्तुति दी गई। बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय शर्मा ने वर्ष 2024-25 की वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैंक का शुद्ध लाभ 38.27 लाख एवं सीआरएआर 22.65% रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, संचालक मंडल सदस्य एवं बड़ी संख्या में बैंक सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन सिंधु परमार एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री शर्मा ने किया।

### बुनकर क्रॉफ्ट में फेस्टिव सीजन पर 30% की विशेष छूट



**रायपुर।** पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित बुनकर क्रॉफ्ट ने अपने एनिवर्सरी सेल के तहत फेस्टिव ऑफर की शुरुआत की है, जिसमें कोसा सिल्क समेत सभी सिल्क परिधानों पर फ्लैट 30% की छूट दी जा रही है। यह ऑफर ग्राहकों को त्योहारी और शादी के मौसम में विशेष स्टाइल और परंपरा का अनुभव कराने के लिए प्रस्तुत किया गया है। स्टोर संचालक शिल्पराज देवांगन ने बताया कि यहां की कोसा साड़ियां उच्च प्रशिक्षित कारीगरों द्वारा तैयार की जाती हैं। ताजे कलेक्शन में कोसा, शुद्ध रेशम, दक्षिण भारतीय सिल्क, हैंडलूम, सॉफ्ट सिल्क, पारंपरिक, आर्ट सिल्क, सलवार सूट्स, ड्रेस मटेरियल, चंदेरी कॉटन, कॉटन हैंडलूम, दुपट्टे, कॉटन, महेश्वरी, कच्चा रेशम, प्रिंटेड कपड़े, शॉल, कॉटन लिनन, कढ़ाईदार, एक्सक्लूसिव प्रिंट्स और डिजाइनर परिधान शामिल हैं। स्टोर हर दिन, रविवार को भी, रात 9.30 बजे तक खुला रहेगा। रायपुरवासियों द्वारा इसे बेहतरीन रिस्पॉन्स मिल रहा है। कोसा साड़ियों की आरामदायक बनावट और आकर्षक कढ़ाई सभी उम्र की महिलाओं को खासतौर पर पसंद आ रही है।

### सीपीआर प्रशिक्षण से 50 हजार लोगों को जागरूक करने का संकल्प



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल एवं सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की पहल डॉ. नवीन बागरेचा द्वारा की गई, जिनका संकल्प है कि आगामी वर्षों में 50,000 लोगों को प्राथमिक चिकित्सा एवं सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण अभियान में जिला प्रशासन व सीएमएचओ रायपुर के सहयोग से विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लाइव डेमो द्वारा सीपीआर का अभ्यास कराया गया। 13 सितंबर को अमलीडीह स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 350 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पूर्व डीजी रंजीत सैनी, डीएजी सोम अग्रवाल, सचिव अमित खंडेलवाल, विकास बजाज सहित कई गणमान्य व स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### हिंदी दिवस पर विवेकानंद महाविद्यालय में विविध आयोजन



**रायपुर।** विवेकानंद महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय ऑपरेशन सिंदूर और छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष था। प्रतियोगिता में 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 16 सितंबर को दुर्गा महाविद्यालय की डॉ. रोशनी मिश्रा ने व्याख्यान दिया। उन्होंने हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और एकता की भाषा है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

## राष्ट्रीय रबी सम्मेलन में कृषि मंत्री नेताम ने प्रदेश के किसानों की समस्याओं पर रखे विचार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रबी सम्मेलन 2025 में शामिल हुए। उन्होंने राज्य के किसानों की समस्याओं और अपेक्षाओं को केंद्र में रखते हुए विस्तारपूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्री, कृषि वैज्ञानिक एवं वरिष्ठ अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान धान और मिलेट्स से जुड़ी है। यह केवल अन्न नहीं, बल्कि हमारे इतिहास, परंपरा और संस्कृति की धरोहर है। राज्य के किसानों ने कठिन परिस्थितियों में भी कृषि परंपरा को जीवित रखा है। अब समय है कि इन परंपरागत फसलों को आधुनिक अनुसंधान और नीति समर्थन से नई मजबूती मिले।

### सुगंधित धान को भी मिले एमएसपी

उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ की परंपरागत सुगंधित धान किस्मों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये किस्में हमारे गांवों की पहचान हैं, किंतु कम उत्पादकता के कारण किसान वांछित लाभ से वंचित हो जाते हैं। श्री नेताम ने आग्रह किया कि इन किस्मों पर अनुसंधान कर उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास हो और इन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में शामिल किया जाए।

### कोदो कुटकी आजीविका से जुड़े मिलेट्स

कृषि मंत्री ने मोटे अनाजों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कोदो और कुटकी जैसे मिलेट्स छत्तीसगढ़ के किसानों की आजीविका से गहराई से जुड़े हैं। इनके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर शासकीय उपार्जन सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि किसानों को सीधा लाभ मिल सके। धान की लंबी अवधि वाली किस्मों के कारण रबी की फसल समय पर बोने में आने वाली कठिनाइयों पर भी उन्होंने ध्यान आकर्षित किया। श्री नेताम ने कहा कि कम अवधि वाली धान किस्मों के विकास पर अनुसंधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि किसान रबी की फसलें समय पर लेकर उत्पादन क्षमता बढ़ा सकें।

# खिलाड़ी छात्रों के लिए पृथक पर्चे नहीं, द्वितीय परीक्षा में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सीबीएससी ने छात्रों में खेल और शैक्षिक प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। अब कक्षा 10वीं के छात्र जो राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय खेल या ओलंपियाड में हिस्सा लेते हैं, उनके लिए बोर्ड परीक्षा में विशेष सुविधा की व्यवस्था की गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं के खेल और ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों के लिए विशेष परीक्षाएं मई 2026 में होने वाली दूसरी बोर्ड परीक्षा के साथ आयोजित की जाएंगी। इसका मतलब है कि इन छात्रों को अलग से परीक्षा देने का अवसर मिलेगा, ताकि वे अपनी प्रतियोगिताओं और खेल गतिविधियों के कारण परीक्षा में पिछड़े नहीं। सीबीएससी ने खेल और ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों के लिए जो विशेष परीक्षा सुविधा दी है, उसके लिए कुछ महत्वपूर्ण नियम और शर्तें हैं। इसे बोर्ड ने छात्रों संग साझा किया है ताकि वे समय रहते पात्रतापूर्ण कर सकें। वहीं कक्षा 12वीं के नियमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जिन छात्रों की यात्रा या खेलकूद प्रतियोगिता बोर्ड परीक्षा के समय से टकराती है, उनकी परीक्षा पहली परीक्षा समाप्त होने के बाद पुनर्निर्धारित की जाएगी।

- 10वीं कक्षा के खिलाड़ी छात्रों के लिए नियमों में बदलाव

### आवेदन अनिवार्य

खेल और ओलंपियाड में भाग लेने वाले छात्रों को मुख्य परीक्षा के लिए लिस्ट ऑफ कैंडिडेट्स भरना जरूरी है। छात्र केवल उन विषयों की द्वितीय परीक्षा में बैठ सकते हैं, जिनकी बोर्ड परीक्षा उनके खेल आयोजन या इससे संबंधित यात्रा की तारीख से टकराती हो। पहली या दूसरी बोर्ड परीक्षा के बाद कोई अलग से खेल परीक्षा नहीं होगी। यानी परीक्षा का समय और विषय केवल बोर्ड द्वारा निर्धारित तारीखों पर ही होंगे। यदि कोई छात्र दूसरी बोर्ड परीक्षा में शामिल होकर कम्पार्टमेंट श्रेणी में आता है, तो उसकी कम्पार्टमेंट परीक्षा अगले साल फरवरी या मार्च में आयोजित की जाएगी। नीति के अनुसार यदि छात्र प्रथम बोर्ड परीक्षा से छूट लेना चाहता है, तो उसे इसके लिए सीबीएसई से आधिकारिक अनुमति लेना जरूरी है।









02 82 की उम्र में वायलिन पर राग ...

सिटी लाइव

## ट्रेंड के चक्कर में पर्सनल डेटा साझा कर रहे यूजर्स, बढ़ रहा डिजिटल फ्रॉड का खतरा




**रायपुर।** सोशल मीडिया पर हर दिन नए ट्रेंड बन रहे हैं, जिसमें खुद को नया लुक देने के लिए बड़ी संख्या में लोग ऐसे ट्रेंड से जुड़ रहे हैं, लेकिन इन ट्रेंड में तस्वीरें और डेटा शेयर करने से भविष्य में डिजिटल फ्रॉड का भी खतरा बढ़ने लगा है। हरिभूमि ने सोशल मीडिया ट्रेंड को लेकर साइबर एक्सपर्ट से बातचीत की। उन्होंने बताया कि एआई सभी तस्वीरों को एकत्र कर रहा है। यूजर्स को लगता है कि एक तस्वीर ही तो है, लेकिन ये आगे चलकर समस्या खड़ी करेगा। यूजर्स के प्रॉम देने के बाद एआई नकली पासपोर्ट, आधार व अन्य डॉक्यूमेंट बना देता हैं। हाल ही में कुछ बच्चों के केस आए कि वे अपने कमजोर मार्कशीट को टॉपर के मार्कशीट में बदल रहे हैं। यहां तक ही बच्चे सीमित नहीं होते, फिर उसी मार्क्स के सोशल मीडिया में मीम्स बना रहे हैं।

### प्रोजेक्ट-आइडियाज में ही करें एआई का इस्तेमाल

*एआई की मदद से स्कूली बच्चे होमवर्क व कॉलेज के स्टूडेंट्स प्रोजेक्ट बनाने, आइडिया पर वर्क करने तक सीमित थे। एक्सपर्ट के अनुसार एआई का इस्तेमाल पढ़ाई के लिए सही बताया जा रहा है, लेकिन रीयल फोटो से ट्रेंड का फॉलो करना उचित नहीं है। बच्चे और यूथ एआई का प्रयोग करने के साथ दुरुपयोग भी कर रहे हैं। एक्सपर्ट के अनुसार, गांव के क्षेत्रों में भी बच्चे इससे जुड़ रहे हैं। सोनाली गुहा ने बताया कि जितने इन्फ्लुएंसर कंटेट क्रिएशन सिखाते हैं, उनको यूथ को बताना चाहिए कि कौन-सा ट्रेंड फॉलो करना है, क्योंकि यूथ इन्फ्लुएंसर को लगातार फॉलो करते हैं, ऐसे में इन्फ्लुएंसर को किसी ट्रेंड के लिए बढ़ावा नहीं देना चाहिए।*

### एक क्लिक से हनी ट्रेप, फिशिंग के जाल में फंस सकते हैं यूजर्स

विशेषज्ञ ने बताया कि जो यूजर्स किसी ट्रेंड को फॉलो नहीं किए हैं, वे कोई भी एप्लिकेशन क्लिक करने से बचें। किसी भी ट्रेंड के लिए यूजर्स इन्फ्लुएंसर के बॉयो पर लिखे लिंक का इस्तेमाल न करें। उन्होंने बताया कि एक क्लिक से बहुत से डेटा का एक्सेस मिल जाता है। क्लिक के कारण हनी ट्रेप, फिशिंग जैसे जाल में यूजर्स को फंसाना आसान है। एआई के किसी ट्रेप में यूजर्स फंसे तो पहले **www.cyber-crime.gov.in** पर अपनी कंप्लेन दर्ज कर सकते हैं। साथ ही एंड्रॉयड या आईफोन में नो-रूट फायरवॉल एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर सारे एप्लिकेशन से परमिशन को हटाना है और ई-मेल के जरिए परमिशन की जानकारी चेक करनी है।



### राज्य में 63 प्रतिशत यूथ ट्रेंड कर रहे फॉलो

साइबर एक्सपर्ट के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में 63 प्रतिशत यूथ ट्रेंड को फॉलो करते हैं और बाकी 37 प्रतिशत में महिलाएं, इन्फ्लुएंसर व अन्य यूजर्स शामिल हैं। साथ ही कोई ट्रेंड बनाने के लिए एआई खुद से प्रॉम तैयार करता है। मतलब आप पूरी जानकारी खुद ही साझा करते हैं, बिना कुछ जाने। उन्होंने बताया कि अब एआई के पास वीडियो, फोटो और आवाज है, जिससे अब किसी के साथ कुछ क्राइम हो सकता है।

अब स्कूलों में साधारण नहीं, क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स से छात्रों का बढ़ रहा व्यावहारिक ज्ञान

# स्कूल प्रोजेक्ट में छोटी-बड़ी दुकानों का व्यावसायिक सर्वे, वेस्ट मटेरियल से तैयार किया शरीर का ढांचा

अब स्कूलों में सामान्य प्रोजेक्ट के बदले क्रिएटिव और एक्साइटिंग प्रोजेक्ट टॉपिक तैयार किए जा रहे हैं, जिससे स्टूडेंट्स विभिन्न विषयों से सीधे जुड़ सकें। इस तरह की एक्टिविटी से लगातार छात्र-छात्राएं कुछ नया सीख रहे हैं। टीचर्स ने बताया कि पहले जहां स्कूलों में जल चक्र, पशु-पक्षियों का जीवन चक्र, कोशिकाएं या गणितीय माप जैसे विषयों पर प्रोजेक्ट कार्य केवल चार्ट पेपर तक सीमित थे, वहीं अब प्रोजेक्ट्स आधुनिक और व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ तैयार किए जा रहे हैं।

**रायपुर।** अब छात्रों को केवल लिखित जानकारी नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष अनुभव के आधार पर प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। छात्र खुद विशेष स्थानों पर जाकर संबंधित विषय पर जानकारी एकत्र कर रहे हैं और उसे डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत कर रहे।"

### सर्वे में दुकान की नेट प्रॉफिट, सेल्स, एक्सपेंसेस समझ रहे छात्र

स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर से शिक्षिका महिमा सिंग ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान जानकारी दी। उन्होंने कहा, छात्रों को बिजनेस स्टडी, अकाउंट और इकॉनॉमिक्स सब्जेक्ट में प्रोजेक्ट दिया गया है, इसमें छोटी और बड़ी दुकानों में जाकर व्यवसाय संबंधित जानकारी एकत्र करने की बात कही गई। सर्वे में दुकान की नेट प्रॉफिट, सेल्स, एक्सपेंसेस, स्टॉक और दुकानदारों के विचारों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का कार्य दिया गया है। वहीं विज्ञापन से होने वाली आय में वृद्धि को भी परसेंट के तौर पर तैयार करने की बात कही गई है।



### घर-घर जाकर सर्वे, वॉटर कंज्यूम एंड वेस्ट टॉपिक पर प्रोजेक्ट

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर की शिक्षिका रोशनी स्वर्णकार ने बताया कि प्रोजेक्ट्स का उद्देश्य छात्रों को विषय के मूल सिद्धांतों की व्यावहारिक समझ से जोड़ना होता है। इस वर्ष 9वीं के छात्रों को 'वॉटर कंज्यूम एंड बेस्ट' टॉपिक पर प्रोजेक्ट तैयार करने को दिया गया है। इसमें 10-10 के समूह में छात्र आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और हर माह के अनुसार पानी की खपत, मीटर जांच और परिजनों की जानकारी एकत्र करेंगे। इसके अनुसार प्रति माह पानी की खपत और उपयोग को लेकर ग्रॉफ तैयार किया जाएगा।

### स्टार्टअप आइडियाज प्लान, स्कूल के बाद स्वयं का व्यवसाय

कॉमर्स के छात्रों को अब पढ़ाई के साथ ही स्टार्टअप सोच से जोड़ने की पहल की जा रही है। बिजनेस आइडियाज से जोड़ने छात्रों को स्वयं के माता-पिता के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए प्लान तैयार कराया जा रहा है। बीते वर्ष छात्रा को पिता के सेलून में अपने लिए कैसे जगह बनाई जा सकती है? परिवार की फल दुकान में सेल्स प्रॉफिट कैसे बढ़ाया जाए? इस विषय पर प्रोजेक्ट दिया गया था। शिक्षिका महिमा सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट में न्यू आइडियाज के बाद मार्च में बोर्ड परीक्षा खत्म होने पर सभी छात्रों को छोटे स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाता है। वर्तमान समय में 12वीं के बाद छात्र खुद का व्यवसाय संचालित कर रहे हैं।



### गणित अब किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं

केपीएस सरोना की प्राचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया कि छात्रों को अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि उन्हें फील्ड विजिट कराकर व्यावहारिक जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि छात्रों को प्रोजेक्ट के दौरान फील्ड में ले जाया जाता है, जहां उन्हें उस स्थान का क्षेत्रफल, स्क्वायर फीट माप और उससे संबंधित गणनाओं की जानकारी दी जा रही है। इससे छात्रों में गणित और विज्ञान जैसे विषयों को लेकर समझ स्थापित की जा रही है।




### शरीर की श्वसन प्रक्रिया को समझाने लाइव डेमो

अम्लेश्वर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से शिक्षिका हिना सलूजा ने बताया कि 9वीं-10वीं के छात्रों को विज्ञान सब्जेक्ट के क्रिएटिव और एक्साइटिंग प्रोजेक्ट दिए जा रहे हैं। इसमें हाइड्रोकार्बन की एल्केन्स श्रेणी को समझाने के लिए छात्रों द्वारा क्लॉक मॉडल तैयार किया गया, जिसमें एल्केन्स की संरचना और अनुक्रम को दर्शाया गया है। यह मॉडल छात्रों को हाइड्रोकार्बन की रासायनिक संरचना को गहराई से समझने में मदद करता है। वहीं एसिड, बेस और सॉल्ट की प्रकृति को समझाने के लिए पीएच पेपर का उपयोग किया जाता है। इस एक्टिविटी में इंडिकेटर्स की मदद से छात्रों ने विभिन्न रंगों के माध्यम से यह जाना कि कोई पदार्थ एसिडिक, बेसिक या न्यूट्रल प्रकृति का है। साथ ही, शरीर की श्वसन प्रक्रिया को समझाने के लिए छात्रों ने वेस्ट मटेरियल से मानव शरीर का ढांचा तैयार किया। इस मॉडल की सहायता से शारीरिक गतिविधियों को लाइव डेमो के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

# कला प्रेमियों ने बारिश की बूंदों संग मनाई "सावन गीत संध्या"

**रायपुर।** लगातार झमाझम बारिश के बीच भी कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के विद्यार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ। इसी उमंग और लगन को देखते हुए महाविद्यालय परिवार ने विशेष सांगीतिक आयोजन सावन गीत संध्या का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पूरी तरह वर्षा ऋतु और सावन की फुहारों को समर्पित रहा, जिसमें विद्यार्थियों और कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नमिता गुप्ता ने "घर आजा.. घिर आए", "मिट्टी दी खुशबू" और "मोरा सैयां मोसे बोले ना" गीतों से सभी को भावविभोर कर दिया, वहीं सलोनी मूंड ने "अब तो है जाने ना दूंगी" और वर्षा चतुर्वेदी ने "मेरे नैना सावन भादों" प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। तीनों कलाकारों ने मिलकर "मोहब्बत बरसा देना तू सावन आया" गाकर तालियां बटोरीं। प्रीति साहू ने "सावन का महीना पवन करे शोर" और "मेरे नैना सावन भादों" से वातावरण को सरस बना दिया।



### वर्षा आधारित गीतों ने मन को भिगोया



श्रुति विश्वास ने "सनम रे", वंदना साहू ने अपनी मधुर आवाज में "रिमझिम के गीत सावन गाए" और "रिमझिम रुमझुम", जबकि नितिन लोनिया ने काली घटा घनघोर गीत गाकर श्रोताओं की सराहना पाई। डॉ. विनीत कुमार वर्मा ने कजरी "घिर घिर आई रे बदरिया" सुनाई तो तुलसी साहू और पप्पू यादव ने भी वर्षा आधारित गीतों से सभी को आनंदित किया। संगीत संगति में हरि पटेल ने तबला और हारमोनियम पर सहयोग किया, वहीं नमिता और नितिन ने भी सराहनीय योगदान दिया। अचानक आयोजित इस सांगीतिक शाम ने न केवल महाविद्यालय परिसर में सावन और वर्षा ऋतु के उल्लास को जीवंत कर दिया, बल्कि गीतों के माध्यम से श्रोताओं को रसविभोर कर अविस्मरणीय अनुभव भी प्रदान किया।

# आईआईटी संस्थाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में रिक्त स्थानों के प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ परीक्षा प्रकोष्ठ इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटलनगर से पत्र जारी किया गया है। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण ने जारी पत्र में कहा है कि राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में रिक्त स्थानों के लिए पुनः प्रवेश हेतु बुधवार 17 सितंबर से 21 सितंबर को रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट cgiti.admission.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में सत्र 2025-26 हेतु सप्तम एवं अष्टम चरण की काउंसिलिंग का कार्यक्रम भी घोषित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंजीयन की प्रक्रिया 17 सितंबर से 21 सितंबर 2025 तक संपन्न होगी। तत्पश्चात एनआईसी द्वारा 22 सितंबर 2025 को मेरिट सूची जारी की जाएगी। सप्तम चरण के अंतर्गत एनआईसी द्वारा चयन सूची 23 सितंबर 2025 को जारी होगी तथा चयनित अभ्यर्थियों का संस्थाओं में प्रवेश 24 एवं 25 सितंबर 2025 को किया जाएगा। इसी तरह अष्टम चरण में एनआईसी द्वारा चयन सूची 26 एवं 27 सितंबर 2025 को जारी की जाएगी। इसके अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों का संस्थाओं में प्रवेश 29 एवं 30 सितंबर 2025 को होगा। संचालनालय ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर काउंसिलिंग एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि उन्हें आईटीआई में प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त हो सके।




# सफलता के लिए मेहनत के साथ जुनून भी जरूरी




**रायपुर।** सिविल सर्विस की तैयारी हो या जीवन में कोई महत्वपूर्ण कार्य को किए जाने का पल। असाधारण सफलता के लिए आपको असाधारण प्रयास भी करने होंगे। कोशिश में जुनून शामिल होने पर कामयाबी निश्चित हो जाती है। ये बातें मंगलवार को उड़ान आईएएस एकेडमी द्वारा आयोजित कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे आईएएस रजत बंसल ने कही। अपने अनुभव साझा करते हुए श्री बंसल ने युवा अभ्यर्थियों के सवालों के जवाब दिए। इच्छाशक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि एक युवा अपनी इच्छाशक्ति से सबकुछ संभव कर सकता है। आप स्वयं को लेकर जैसे सोचते हैं, वैसे हो जाते हैं। अतः यह जरूरी है कि किसी भी परीक्षा के लिए युवा खुद पर भरोसा रखें। इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने अभ्यर्थियों को बताया कि परीक्षा के अवसर को चयन में कैसे परिवर्तित किया जाता है? वे कौन-सी गलतियां हैं, जिनसे परीक्षा और परीक्षा की तैयारी के दौरान एक अभ्यर्थी को बचना चाहिए। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर रवि गोयल, सीनियर फैकल्टी एमएम आलम, डॉ. योगेश्वर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी उपस्थित रहे।







धर्म लाइव

# असली कर्म बंधन का कारण आत्मा का बदलता पर्याय



रायपुर। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी, मनीष सागरजी महाराज ने मंगलवार को आत्मा के पर्याय बदलने का भेद समझाया। भेद विज्ञान साधना शिविर के तीसरे दिन उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मनुष्य में परमात्मा बनने की योग्यता है। शरीर के अनेक अव्यव है। शरीर में सभी जड़ों को हटाकर देखें तो एक चेतन तत्व आत्मा है। ऐसा मानो, आत्मा ही मैं हूं। आत्मा को मैं मानो और परमात्मा बनने की तैयारी करो। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मनुष्य के पास असीम योग्यता है अपना विकास करने की। हमेशा अपने अस्तित्व को पहचानने का प्रयास करना चाहिए। मनुष्य भव ही आत्मकल्याण करने के लिए मिला है। आत्मा को समझने का मौका मनुष्य भव में ही प्राप्त हो सकता है। 84 लाख योनियों में सबसे बेहतर मनुष्य योनी है। सही जानो, सही मानो और सही जियो। अनंत काल से हम गलत जान रहे, गलत मान रहे और गलत जी रहे हैं।

### ज्ञान, दर्शन, चारित्र्य की साधना करें

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कभी भीतर में उत्साह तीव्र हो जाता है। कभी कम हो जाता है। कभी सुखी होते हैं तो कभी दुखी होते हैं। हम आत्मा के अनेक गुणों की प्रत्येक पर्याय का अनुसरण करते रहते हैं। असली कर्म बंधन का कारण है आत्मा का बदलता पर्याय। पर्याय बदलता है तो भाव बदलते हैं। भाव बदलते हैं तो राग व द्वेष होता है। क्या जानते हो, क्या मानते हो और कैसी प्रतिक्रिया दोगे, ये बहुत महत्वपूर्ण है। हमें ज्ञान, दर्शन और चारित्र्य की साधना करना चाहिए।

सिटी लाइव

# विकसित आत्मनिर्भर भारत थीम पर जिला विज्ञान क्लब का शुभारंभ



रायपुर। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा मंगलवार को जिला विज्ञान क्लब का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्लब की प्रथम कोर टीम बैठक का आयोजन भी हुआ, जिसमें जिले के प्रमुख विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने की, वहीं विज्ञान क्लब समन्वयक पाटले और निशा शर्मा ने बैठक का संचालन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 'विकसित आत्मनिर्भर भारत' थीम के अंतर्गत विज्ञान एवं नवाचार से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की रणनीति तैयार करना था। इसमें राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न विज्ञान-प्रेरित पहलों के तहत विद्यार्थियों को व्यावहारिक विज्ञान की ओर आकर्षित करने की योजना पर चर्चा की गई।

### सतत कृषि, हरित ऊर्जा स्वास्थ्य-स्वच्छता पर चर्चा

डीईओ हिमांशु भारती ने बैठक में शिक्षकों से कहा कि आज के दौर में छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रयोगात्मक और व्यावहारिक शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। जिला विज्ञान क्लब इस दिशा में एक मजबूत पहल है। कोर टीम में सह-समन्वयक सोमा बनिक, अकादमिक समन्वयक एमएन सिंह, सह-अकादमिक समन्वयक डॉ. माधुरी बोरेकर का चयन प्रमुखता से किया गया। इस दौरान सतत कृषि, हरित ऊर्जा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग और जल संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से चर्चा की गई।

लाइव इवेंट

# पोस्टर के जरिए विद्यार्थियों ने पर्यावरण बचाने दिया संदेश



रायपुर। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर डूमरतराई स्थित श्रीराम शर्मा स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा मंगलवार को आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरणीय चेतना का प्रसार और ओजोन परत के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण मंडल की चीफ केमिस्ट चंद्रिका कंवर रहीं। साथ ही छात्रों को जानकारी देने के उद्देश्य से वैज्ञानिक नंदिता बनाफर, जेएसए सुजाता शुक्ला, सोनल शर्मा, असीमा शर्मा, अन्नू अग्रवाल और उर्मिला यादव व्याख्याता के तौर पर शामिल हुईं।

### ओजोन परत, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने ओजोन परत, प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण जैसे गंभीर विषयों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने रचनात्मकता और संदेशात्मक सोच के माध्यम से यह दर्शाया कि भावी पीढ़ी पर्यावरण के प्रति सजग और जागरूक है। संबोधन में चंद्रिका कंवर ने कहा कि ओजोन परत धरती पर जीवन के लिए एक सुरक्षा कवच है। इसके क्षरण को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें जागरूक होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। वहीं वैज्ञानिक नंदिता बनाफर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने सरल और व्यावहारिक उपायों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी पर बल दिया।

● संस्कृति विभाग के तीन दिवसीय रंग-तरंग संगीत कार्यक्रम के दूसरे दिन कलाप्रेमियों की उमड़ी भीड़

# 82 की उम्र में वायलिन पर सुनाया राग जनमोहिनी
# विलुप्त गतका बाजा की धुन पर जस गीत की प्रस्तुति

महंत घासीदास संग्रहालय स्थित मुक्ताकाशी मंच पर रंग तरंग के दूसरे दिन पारंपरिक व आधुनिक वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी हुई। विलुप्त हो चुके गतका बाजा, विलुप्त प्रायः गुदुम बाजा जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों सहित आधुनिक संगीत के इंस्ट्रूमेंट वायलिन, गिटार, तबला के धुन पर विविध लोक व शास्त्रीय गीतों की धुन व राग बजाकर वादक कलाकारों ने कार्यक्रम में समां बांधा। मंगलवार को संस्कृति विभाग की ओर से रंग तरंग वाद्ययंत्र संगम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक संगीत का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं।






रायपुर। विभाग की ओर से मंच संचालन कर रहीं कामिनी जोशी ने बताया कि आयोजन में प्रदेश के पारंपरिक व मार्डन वाद्ययंत्रों के साधक कलाकारों को संस्कृति विभाग द्वारा मंच प्रदान किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस रंग तरंग कार्यक्रम के दूसरे दिन विविध प्रकार के मनमोहक वाद्ययंत्रों के सुर-ताल व संगीत से प्रतिभागी कलाकार मुक्ताकाशी मंच को सराबोर किए। संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन पारंपरिक व आधुनिक वाद्ययंत्रों के संगीत प्रेमियों के लिए विशेष कार्यक्रम है। संगीत की रसपान करने बड़ी संख्या में कलाप्रेमी मुक्ताकाशी मंच दूसरे दिन भी पहुंचे। वाद्ययंत्रों के प्रेमी श्रोताओं का तन व मन रंग तरंग हो रहा है। इस आयोजन में प्रतिभागी कलाकारों सहित संस्कृति विभाग के अधिकारी, अतिथि और कलाप्रेमियों का शाम से देर रात तक जमावड़ा लगा रहा।

### 1950 से बजा रहे वायलिन



वायलिन वादक कलाकार 82 वर्षीय कीर्तिमाधव व्यास ने जब गिटार, तबले की संगत पर प्रसिद्ध सितारवादक पं. रविशंकर के राग जनमोहिनी की धुन सुनाकर दर्शकों को मोहित कर दिया। 82 वर्ष की उम्र में भी कला के प्रति उनका लगाव व वायलिन के तारों से निकलने वाली जादुई धुन श्रोताओं के मन को आनंदित करती है। कलाकार ने बताया कि वे सन 1950 से वायलिन बजा रहे हैं, देश के कई बड़े मंचों पर प्रस्तुति दी है। उनके सिखाए वायलिन वादक देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं।








### तबले की ताल पर झूमे श्रोता

शहर के तबला वादक कलाकार अशोक कुर्म ने तबले पर शास्त्रीय संगीत बजाकर कला प्रेमियों को झूमने पर मजबूर किया।कलाकार के साथ संगत में शशांक कुर्म रहे। मुक्ताकाशी मंच पर देर रात तबले की ताल बजती रही, वैसे ही वहां उपस्थित कलाप्रेमी दर्शकों का मन थिरकता रहा। तबला वादक कलाकार की दर्शकों ने खूब सराहना की।



### गतका बाजा का इतिहास 100 से भी अधिक पुराना

14 साल से गतका बाजा बजा रहे पारंपरिक वाद्ययंत्र गतका बाजा वादक कलाकार कुलदीन सार्वा ने रंग तरंग के मंच पर जस गीत, भजन और ददरिया के धुन बजाकर संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया। बालोद जिला के रेंगा कठेरा गांव के रहने वाले गतका बाजा वादक कलाकार ने बताया कि पारंपरिक वाद्य यंत्र व इसके कलाकार लुप्तप्रायः के कगार पर पहुंच चुके हैं। गतका बाजा का इतिहास 100 से भी अधिक पुराना है। संस्कृति विभाग की सराहनीय पहल से हम कलाकारों को मंच नसीब हो पा रहा है। रंग तरंग के मंच पर मईया फूल गजरा....बूझो, बूझो कायाखंडी...भजन व जस गीतों को गतका बाजा पर बजाकर सुनाया। आज के दौर में गतका बाजा विलुप्त हो चुका है। कलाकार द्वारा गतका बाजा पर पारंपरिक जस गीत, ददरिया के राग धुन सुनकर कलाप्रेमी गदगद हो उठे।

### गुदुम बाजा पर विवाह परघौनी, राउत नाचा की धुन

अहिवारा के रहने वाले युवा लोक कलाकार सुकृत साहू व 15 सदस्यीय साथियों की समूह ने गुदुम बाजा पर पारंपरिक बरतिया परघौनी गीत, गौरा-गौरी गीत, राउत नाचा जोहार गीत की मनमोहक धुन बजाकर दर्शकों को आनंद व उत्साह से भर दिया। पारंपरिक वाद्य गुदुम बाजा वादक दल ने कार्यक्रम में लोककला संस्कृति की शानदार छटा बिखेरी। गुदुम बाजा के ऊपर खड़े होकर आकर्षक ढंग से गुदुम बाजा वादन किया। कलाकार ने बताया कि गुदुम बाजा जिसे गड़वा बाजा भी कहा जाता है, यह ग्रामीण अंचल में दीपावली त्योहार के समय मेला मड़ाई, गौरा-गौरी पूजा व शादी-विवाह में बारात परघौनी के लिए प्रमुख रूप से उपयोग किया जाता है।

# फ्रेशर्स पार्टी में पंजाबी बीट्स पर थिरके स्टूडेंट्स, सीनियर्स ने किया वेलकम

दिशा कॉलेज में शिक्षक दिवस एवं फ्रेशर्स पार्टी 'परम्परा' का भव्य आयोजन



रायपुर। ओए सोना मेरा मा जाना दे नाल, ठुमक ठुमक जानी म दे नाल...सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे, ठुमक ठुमक पंजाबी सॉन्ग के बजते ही हॉल में मौजूद छात्रों में उत्साह देखने को मिला। जो गाने के बजते खुद को सॉन्ग के हुक स्टेप करने से रोक न सके। जोरा स्थित प्रतिष्ठा मैरिज पैलेस में फ्रेशर पार्टी में सीनियर छात्रों ने अपने जूनियर्स का वेलकम नए अंदाज में किया।





### डांस फ्लोर पर देसी टॉपर्स, रेट्रो पिक-रॉक थीम पर नजर आए छात्र



*मंगलवार को दिशा कॉलेज द्वारा टीचर्स-डे और फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों के सम्मान के साथ की गई। छात्रों ने शिक्षकों के लिए कविताएं भी तैयार कीं, यादगार 'परम्परा-2025' में छात्रों के साथ शिक्षक भी झूमते-गाते अंदाज में नजर आए। इसमें छात्र देसी टॉपर्स, रेट्रो ,पिक-रॉक थीम पर दिखे, जिन्होंने डांस फ्लोर पर देसी गर्ल्स अंदाज में फिल्मी गीतों पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविवि के डिप्टी रजिस्ट्रार एस. कश्यप, विप्र कॉलेज से डॉ. मघेश तिवारी और दिशा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी रहे।*

### हरियाणवी, गुजराती पंजाबी, साउथ इंडियन गानों पर मची धूम

आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे...ये मेरा दिल प्यार का दीवाना....मोर बर ले देना राजा लाली लुगरा... जैसे फिल्मी गानों पर जूनियर छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति दी। इस दौरान स्टेज के साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला, जहां छात्र एक दूसरों के गानों पर झूमते दिखे। यादगार समारोह में हरियाणवी, गुजराती, पंजाबी, साउथ इंडियन, छत्तीसगढ़ी गानों पर भी धूम देखने को मिली। इस दौरान मिस फ्रेशर्स कृतिका सिंह, स्वाति सिंह, विद्या पटेल, पुष्पांजलि वर्मा, नेहा थवाईत रहीं, वहीं मिस्टर फ्रेशर्स रोशन पटेल, शाश्वत शुक्ला, जयेश जैन, कृष्णा पटेल और शिव प्रसाद रेड्डी बने।

# स्वरांजली भजन स्पर्धा में गूंजे भक्ति के सुर, 25 मंडलियों ने दी प्रस्तुति






रायपुर। जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल ने भव्य स्वरांजली भजन स्पर्धा का आयोजन शंकर स्थित विमतारा में किया, जिसमें कुल 25 भजन मंडलियों ने भाग लिया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में सभी मंडलियों ने अपनी मधुर आवाज से समां बांध दिया। यह आयोजन समाज में आध्यात्मिकता, कला एवं एकता को बढ़ावा देने के लिए कराया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों और दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया।

### बेस्ट ड्रेसअप अवार्ड कृष्णा सखी ग्रुप को

भजन स्पर्धा की मुख्य अतिथि मीनाक्षी टुटेजा और जीतू लोहाना ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम के दौरान शार्क टैंक से फंड प्राप्तकर्ता ईशा जहमर, प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर ऐश्वर्या पांडे तथा समाजसेवी आभा मिश्रा को विशेष सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लोढ़ा विंग्स, द्वितीय पर समृद्धि महिला मंडल और तृतीय में राम गुण मंडली विजेता रही। इसके साथ ही बेस्ट सिंगर अर्पिता और बेस्ट ड्रेसअप अवार्ड से कृष्णा सखी ग्रुप को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वामा कैपिटल की सीनियर सदस्य आंचल पंजवानी, जया अरोरा, शीतल उपाध्याय, शिखा गोलच्छा, शिल्पा काबरा तथा अध्यक्ष आस्था बाफना की उपस्थिति रही।

शारदीय नवरात्रि को परंपरागत, हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां शुरू

# नवरात्रि पर माता की श्रृंगार-पूजन सामग्री का सजा बाजार
# कलश, चुनरी, कुमकुम, रोली की खरीदारी में जुटे श्रद्धालु

कार्नर न्यूज

रायपुर। शारदीय नवरात्रि पूजा को लेकर माता के भक्तजनों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर में नवरात्रि को लेकर माता के श्रृंगार व पूजन सामग्री का बाजार सज गया है। 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। देवी मंदिरों में साफ-सफाई संग साज-सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शारदीय नवरात्र के शुरू होने में अभी सप्ताहभर का समय है। बावजूद इसके लोग नवरात्रि को परंपरागत रूप व हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के लिए जोर-शोर के साथ तैयारियों में जुट गए हैं। गोलबाजार में पूजा सामग्री की दुकानों, मिट्टी के पात्र भंडारों, बांस सामग्री के स्टॉल पर लोगों की भीड़ जुट रही है। इन दुकानों से लोग नवरात्रि पूजा से संबंधित जरूरी सामान जैसे मिट्टी की ज्योति कलश, बांस की टोकरियां, नारियल,



चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लौंग, सुपारी, कपूर सहित पूजा में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री खरीद रहे हैं। चूंकि नौ दिन के व्रत में अन्न से परहेज की जाती है, इसलिए बाजार में कुट्टू, फल, व्रत के अन्य सामान की भी दुकानें सज गई हैं। गोलबाजार स्थित पूजा सामग्री के विक्रेता दुकानदार विजय गुप्ता ने बताया कि दुकानों पर नवरात्रि को लेकर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। नवरात्रि को लेकर बाजार में रौनक है। वहीं शहर के महामाया मंदिर के प्रमुख पुजारी पं. मनोज शुक्ला के मुताबिक, 22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है।



### माता की चुनरी का विशेष महत्व

नवरात्रि में माता को चुनरी चढ़ाने का विशेष महत्व है। इसलिए बाजार में इस बार माता की लाल चुनरी में सितारा वर्क, गोटा पत्ती वर्क, जरदोजी वर्क, जरी वर्क और मोती वर्क खास है। संतोषी नगर पुराना धमतरी रोड स्थित पूजा व श्रृंगार की दुकानों पर छोटी चुनरी की कीमत जहां 20 रुपए से 150 रुपए तक है, वहीं बड़ी चुनरी 200 रुपए से हजार रुपए तक बिक रही है।

### पीतल और मिट्टी की मूर्तियां

नवरात्रि में भक्त घर में माता की मूर्ति स्थापित करते हैं। इस बार गोलबाजार में पीतल की छोटी मूर्ति 200 से हजार रुपए तक बिक रही हैं। वहीं पीतल की बड़ी मूर्तियों के लिए 1200 से पांच हजार रुपए तक खर्च करने होंगे। इस बार मिट्टी और जर्मन सिल्वर या व्हाइट सिल्वर की मूर्तियां भी खूब पसंद की जा रही हैं। यह 200 से दो हजार रुपए तक है। वहीं माता को चढ़ने वाला छत्र भी चांदी और पीतल दोनों में ही उपलब्ध है, जिनकी शुरुआती कीमत पांच सौ रुपए है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### शह और मात के खेल में छा गए उभरते हुए खिलाड़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य लिटिल मास्टर शतरंज टूर्नामेंट एवं छत्तीसगढ़ ब्लिट्ज टूर्नामेंट (ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिप्से सर ट्रॉफी) का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह अंबुजा मॉल रायपुर में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह सिसोदिया (सभापति के सचिव एवं ओलंपिक संघ के महासचिव) रहे। इस अवसर पर भारत के तीसरे ग्रैंड मास्टर, अर्जुन अवार्डी एवं अनेक बार नेशनल चैंपियन प्रवीण थिप्से, संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया ( अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज एसोसिएशन और उपाध्यक्ष एआईसीएफ), महासचिव बी.के. राठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. चंद्रशेखर, छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला फीडे मास्टर एवं ब्रांड एंबेसडर किरण अग्रवाल, संयुक्त सचिव आनंद अवधिया, रवि कुमार, रोहित यादव और परेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न वर्गों के विजेताओं में अंडर-7 गर्ल्स विजेता –श्रिनिका रेड्डी गोलुगुरी (रायपुर), उपविजेता – श्रेष्ठा भारद्वाज अंडर-7 बॉयज़ : विजेता – प्रज्वल पांडेय, उपविजेता – वियां पुंढीर अंडर-9 गर्ल्स : विजेता – धन्वी मिश्रा, उपविजेता – मयूरिका मन्या अंडर-9 बॉयज़ : विजेता – अपुर्व भार्गव, उपविजेता – वेदांश यादव अंडर-11 गर्ल्स : विजेता – निष्ठा त्रिपाठी, उपविजेता – अयोना उपाध्याय अंडर-11 बॉयज़ : विजेता – अक्ष मिन्ज, उपविजेता – निशांत साहू अंडर-13 गर्ल्स : विजेता – परीधि लिल्हारे, उपविजेता – अद्विका पांडेय अंडर-13 बॉयज़ : विजेता – अक्ष चोपड़ा, उपविजेता – शौर्य चिमनानी अंडर-15 गर्ल्स : विजेता – याशिका बजाज, उपविजेता – पिहू जांगड़े अंडर-15 बॉयज़ : विजेता – लक्ष्य गुप्ता, उपविजेता – दिवांशु वर्मा ब्लिट्ज टूर्नामेंट प्रथम– स्पर्श खंडेलवाल द्वितीय – यश सिंह तृतीय– गगन साहू बेस्ट स्कूल अवार्ड राजकुमार कॉलेज, रायपुर दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रायपुर, ब्रिटेन स्कूल, रायपुर रहे। आयोजन समिति ने इस टूर्नामेंट की शानदार सफलता के लिए आनंद अवधिया जी, श्री रवि कुमार, रोहित यादव और परेश,आर्बिटर टीम में अनीस व अन्य सभी आ आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव विकास शर्मा ने दी।

### मध्यप्रदेश के विरुद्ध छत्तीसगढ़ के आशीष ने लिए तीन विकेट



**रायपुर।** कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा डॉ. के थिम्मापीयाह मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 04 सितंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का तीसरा मैच (15 - 18 सितंबर) बैगलुरु, कर्नाटक में मध्य प्रदेश के विरुद्ध खेला गया। दूसरे दिन मध्य प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले दिन से आगे खेलते हुये मध्य प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 92.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 276 रन बनाये। मध्य प्रदेश की ओर से अरशद खान ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। उनके अतिरिक्त हर्षित यादव ने 53 रन तथा हर्ष गवली ने 50 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आशीष चौहान ने 3 विकेट, रवि किरण, शशांक तिवारी तथा शाहबान खान ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 81 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 245 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक चंद्राकर ने सर्वाधिक 74 नाबाद रन बनाये। उनके अतिरिक्त ऋषभ तिवारी ने 68 रन तथा आशुतोष सिंह ने 54 रनों का योगदान दिया। मध्य प्रदेश की ओर से अरशद खान ने 3 विकेट, अधीर प्रताप सिंह तथा सागर सोलंकी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 31 रनों से पीछे है।

### चुनी गई बीसीए की टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन 14 सितंबर को कल्याण कॉलेज स्थित इंडोर पिच में किया गया। इस चयन स्पर्धा में 51 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें से 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों का ट्रेनिंग कैंप, सिलेक्शन मैच कराया जाएगा जिसमें प्रदर्शन के आधार पर 20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस चयन स्पर्धा के कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार भारद्वाज थे यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

### गुस्से की अधिकता करती है आपका नुकसान, तनाव रहित रहने की आदत डालिए

# तन और मन दोनों के लिए नुकसानदेह है गुस्सा, काबू पाने करें योगासन और मुक्त हो जाएं अवसाद व निराशा से

गुस्सा सामान्य स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो मनमुताबिक चीजों के खिलाफ निकलता है। हालांकि कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों पर, या बार-बार गुस्सा आता है। कई बार उनका गुस्सा इतना अधिक होता है, जो गंभीर रूप ले लेता है। अधिक गुस्सा आने की समस्या मूड और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। क्रोध को नियंत्रित न कर पाने से काम और निजी संबंधों पर प्रभाव पड़ता है। क्रोध व्यक्ति के सामाजिक और व्यवहारिक जीवन में भी कई तरह की समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, क्रोध की समस्या से परेशान लोगों को जीवनशैली में योगासनों को शामिल करना चाहिए। योग न सिर्फ मन को शांत व स्थिर करने में मदद करता है, गुस्से की भावना को कम करने में भी मददगार मिलती है। यहां आपको क्रोध, कुंठा और अवसाद की समस्या को दूर करने के लिए कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है।



#### बालासन या चाइल्ड पोज

बालासन के अभ्यास की आदत मन को शांत करने में काफी मददगार मानी जाती है। भावनाओं को नियंत्रित करके नकारात्मकता को काबू करने और मन-शरीर के संबंध में भी सुधार के लिए बालासन के अभ्यास की आदत डालें। बालासन के अभ्यास से गुस्से को कंट्रोल किया जा सकता है। पीठ व पेट की मांसपेशियों के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है।

#### मत्स्यासन योग

क्रोध को नियंत्रित करने और मन को शांत रखने के लिए मत्स्यासन का अभ्यास करें। इस आसन से तनाव दूर होता है और सिर में रक्त परिसंचरण में सुधार करने में सहायक है। भावनात्मक समस्याओं को कम करने और क्रोध की भावनाओं को नियंत्रित रखने के लिए यह योग असरदार है।

#### उष्ट्रासन योग

स्ट्रेस को दूर करने और मन को शांत रखने के लिए उष्ट्रासन योग बेहतर आसन माता जाता है। इस आसन के अभ्यास से शरीर में ऑक्सीजन की कमी भी दूर होती है। गुस्से को शांत रखने, तनाव कम करने के साथ ही डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह योग फायदेमंद माना जाता है। कंधे और पीठ दर्द से भी राहत मिलता है।गुस्से पर काबू पाने के लिए करें इन योगासनों का अभ्यास, अवसाद व निराशा भी होगी दूर।

#### क्रोध और कुंठा से मुक्ति के लिए योग

गुस्सा सामान्य स्वाभाविक प्रतिक्रिया है, जो मनमुताबिक चीजों के खिलाफ निकलता है। हालांकि कुछ लोगों को छोटी-छोटी बातों पर, या बार-बार गुस्सा आता है। कई बार उनका गुस्सा इतना अधिक होता है, जो गंभीर रूप ले लेता है। अधिक गुस्सा आने की समस्या मूड और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल



प्रभाव डाल सकती है। क्रोध को नियंत्रित न कर पाने से काम और निजी संबंधों पर प्रभाव पड़ता है। क्रोध व्यक्ति के सामाजिक और व्यवहारिक जीवन में भी कई तरह की समस्याओं को उत्पन्न कर सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, क्रोध की समस्या से परेशान लोगों को जीवनशैली में योगासनों को शामिल करना चाहिए। योग न सिर्फ मन को शांत व स्थिर करने में मदद करता है, गुस्से की भावना को कम करने में भी मददगार मिलती है।



# बची हुई इडली से बना सकती हैं क्रिस्पी पकौड़े

कई बार ऐसा होता है कि इडली बच जाती है और दोबारा इसे खाने का मन नहीं करता। ऐसे में इडली को फेंके नहीं, बल्कि कुछ मजेदार ट्राई करें। आप बची हुई इडली से क्रिस्पी पकौड़े तैयार कर सकते हैं। पकौड़े बनाना बहुत ही आसान है बस आपको नीचे बताए गए टिप्स to फॉलो करना होगा।

**विधि :** सबसे पहले 1 इडली के 4 टुकड़े कर लें। साथ ही, ऊपर बताई गई सभी सामग्री को तैयार करके रख लें। अब एक बाउल में 4 चम्मच मैदा, 4 चम्मच बेसन, स्वादानुसार नमक, 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर और 3 हरी मिर्च काट लें। फिर धीरे-धीरे पानी



डालकर बैटर तैयार कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर ज्यादा पतला ना हो और 5 मिनट तक घोल को ढककर रख दें। इस दौरान एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें।

जब तेल गर्म हो जाए, तो बैटर में इडली डालकर फ्राई कर लें। इसी तरीके से हम सारी इडली को घोल में डालकर दोनों तरफ से फ्राई कर लेंग। इस दौरान आंच तेज रखनी है, वर्ना इड़ली क्रिस्पी (पनीर से बनती है 15 मिनट में इडली) नहीं होंगी। फ्राई करने के बाद इडली को एक बाउल में निकालें और गरम-गरम अपने पसंद की चटनी के साथ सर्व करें।



# ठंडे पानी से नहाने के फायदे हैं या नुकसान, यह समझना जरूरी

कई लोगों का कहना है कि ठंडे पानी से नहाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में ठंडे पानी का क्या असर है और यह किस हद तक सच है, इस लेख में विस्तृत जानकारी दी गई है। ठंडे पानी से नहाना कई संस्कृतियों और परंपराओं में स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा माना जाता है। यह न केवल शरीर को तरोताजा करता है, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है। हालांकि, ठंडे पानी से नहाने के फायदे और नुकसान दोनों हैं, और इसे अपनाने से पहले इन के बारे में जानना महत्वपूर्ण है।

कई बार सेलेब्स को आइस वाटर से नहाते या आइसिंग करते देखा जाता है। विद्युत जामवाल से लेकर रकुल प्रीत तक का वीडियो सामने आ चुका है। कई लोगों का कहना है कि ठंडे पानी से नहाने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इम्यूनिटी को मजबूत बनाने में ठंडे पानी का क्या असर है और यह किस हद तक सच है, आपके लिए खास जानकारी दी गई है।

#### मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देना



ठंडे पानी से नहाने से मेटाबॉलिज्म की दर बढ़ जाती है, जिससे शरीर में ऊर्जा की खपत बढ़ती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। ठंडे पानी से नहाने के दौरान शरीर को अपना सामान्य तापमान बनाए रखने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे कैलोरी बर्न होती है।

#### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

ठंडे पानी से नहाने से मानसिक ताजगी मिलती है और स्ट्रेस और डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलती है। ठंडे पानी के शॉक से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन रिलीज होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है।

#### त्वचा और बालों के लिए लाभकारी

ठंडे पानी से नहाने से त्वचा में नमी बनी रहती है और पोर्स बंद हो जाते हैं, जिससे त्वचा कोमल और मुलायम रहती है। यह बालों के लिए भी अच्छा होता है, क्योंकि यह बालों की जड़ों को मजबूत करता है और उन्हें चमकदार बनाता है।





















शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।







शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।






# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'द फैंटेस्टिक 4' और 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का रिश्ता चर्चा में, रूसो ब्रदर्स की पोस्ट ने बढ़ाई उत्सुकता



मार्वल स्टूडियो की आगामी फिल्म 'एवेंजर्स: डूम्सडे' को लेकर लोगों में उत्साह है। अब रूसो ब्रदर्स की ताजा पोस्ट ने फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। मार्वल स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'एवेंजर्स: डूम्सडे' मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की अगली फिल्म है। मार्वल की बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अब रूसो ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर एक धुंधली तस्वीर साझा की है। इसके बाद इस फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। अब लोग अपने-अपने कयास लगा रहे हैं। रूसो ब्रदर्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक धुंधली तस्वीर शेयर की। यह तस्वीर एक ब्लैकबोर्ड की जूम की हुई तस्वीर जैसी लग रही है। इसके साथ कैप्शन में लिखा है, 'डूम्सडे इज कमिंग'। अब इस तस्वीर के सामने आने के बाद फैंस 'एवेंजर्स: डूम्सडे' और मार्वल की पिछली रिलीज फिल्म 'द फैंटास्टिक 4: फर्स्ट स्टेप्स' में कनेक्शन निकालने लगे हैं। दरअसल, इस साल जुलाई में रिलीज हुई 'द फैंटास्टिक 4: फर्स्ट स्टेप्स' में रीड रिचर्ड्स का किरदार निभाने वाले पेड्रो पास्कल कई बार ऐसे ही ब्लैकबोर्ड के सामने नजर आए थे। इसके अलावा 'द फैंटास्टिक 4: फर्स्ट स्टेप्स' के अंत में रॉबर्ट डाउनी जूनियर रीड और सू के बच्चे को गोद में लिए दिखाई देते हैं। ऐसे में अब फैंस इन दोनों फिल्मों के आपस में कनेक्शन होने के कयास लगा रहे हैं। 'एवेंजर्स: डूम्सडे' की शूटिंग चल रही है और इसके बारे में और भी जानकारी सामने आ रही है।

## टॉलीवुड

### 'मिराय' में मांचू मनोज नहीं निभाना चाहते थे खलनायक की भूमिका, किया खुलासा



साउथ एक्टर तेजा सज्जा अभिनीत फिल्म 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे मांचू मनोज ने एक्स पर अपने फैंस से बात की और एक खुलासा किया। फिल्म में मांचू मनोज बतौर विलेन की भूमिका में दिखेंगे। अभिनेता ने एक्स पर अपने फैंस से बात की और खुलासा किया कि वो खलनायक का रोल नहीं करना चाहते थे। मांचू मनोज ने एक्स अकाउंट पर अपने फैंस से बात की। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, 'एक खलनायक की भूमिका निभाना वास्तव में मेरे दिमाग में कभी नहीं था, लेकिन जिस तरह से निर्देशक कार्तिक गरु ने इस भूमिका को सुनाया, उसने मेरा दृष्टिकोण पूरी तरह से बदल दिया।' साथ ही उन्होंने कहा कि यह काफी शानदार है। आपको बताते चलें कि मांचू मनोज अन्य ट्वीट्स में दर्शकों को फिल्म में शानदार मनोरंजन मिलने का वादा करते नजर आ रहे हैं।
अभिनेता मांचू मनोज मिराय फिल्म से धूम मचाने के लिए तैयार हैं। उन्हें हाल ही में 'भैरवम' फिल्म में देखा गया था। अब एक्टर 'मिराय' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसमें अभिनेता ब्लैक स्वोर्ड नाम के रूप में निगेटव किरदार में नजर आएंगे। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' को नॉर्थ में करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शन प्रजेंट कर रहा है। फिल्म में तेजा सज्जा, रितिका नायक और मांचू मनोज के अलावा जगपति बाबू, श्रिया सरन, जयराम और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। 'हनुमान' के बाद 'मिराय' तेजा सज्जा की अगली फिल्म है।

## भोजपुरी

### विवादों के बीच शो में पहुंचे पवन को-कंटेस्टेंट ने लगा दिया आरोप



हाल ही में 'राइज एंड फॉल' रियलिटी शो से जुड़ा एक प्रोमो सामने आया है, जिसमें 16 कंटेस्टेंट के बी च प्रतियोगिता हो रही है, जिसमें पवन सिंह भी शामिल हैं। अब अभिनेता और आकृति नेगी के बीच की बातचीत सामने आई है। इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो रहा है। हाल ही में शो से जुड़ा एक प्रोमो रिलीज हुआ है, जिसमें भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह और आकृति नेगी के बीच वार्तालाप चल रही है। इसमें आकृति एक्टर पर कुछ आरोप लगाती दिख रही हैं। एमएक्स प्लेयर पर राइज एंड फॉल शो से जुड़ा एक प्रोमो जारी हुआ है। इसमें भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह आकृति नेगी से परिचय करते नजर आते हैं। एक्टर ने आकृति से उनका नाम पूछा, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि क्या अभिनेता ऐसे ही स्लो हैं। आगे आकृति ने कहा, 'कुछ तो बोलो, मैंने सुना है बिहार के लोग बहुत चटपते होते हैं?' आगे दोनों कंटेस्टेंट के बीच सवाल-जवाब का दौर चलता रहता है। पवन सिंह ने पूछा, 'यहां मुंबई में कबसे हो? कोई फिल्म किए हो?' इसके जवाब में आकृति नेगी ने कहा, 'नहीं, लेकिन मन है पर कोई मौका नहीं मिला।' इसपर एक्टर ने कहा, 'चलो हम दोनों करते है फिल्म।' 'राइज एंड फॉल' में 16 कंटेस्टेंट शामिल हैं। इसमें अभिनेता अर्जुन बिजलानी, कुबेर सैत, अहाना कुमरा, धनश्री वर्मा, हास्य कलाकार कीकू शारदा, ट्रांस क्रिकेटर अनाया बांगर, व्लॉगर आरुष भोला और अरबाज पटेल और आकृति नेगी समेत भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह भी इसका हिस्सा हैं। 'शार्क टैंक इंडिया' के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर इसे होस्ट कर रहे हैं।

## पेरीविंकल की छाया

"मौजूदा कुछ सालों में पेरीविंकल यानि नीला-बैंगनी या हल्का नीला-बैंगनी रंग फिर से ट्रेंड में आ गया है। यह ट्रेंड हमें याद दिलाता है कि यह रंग वाकई कितना आकर्षक है। मॉडल स्टेला मेकार्टनी इस आकर्षक रंग की समर्थक हैं, और इसे एक नाटकीय पारदर्शी गाउन में ढालती हैं जो रेड कार्पेट पर बेदाग़ लगेगा। यहां पार्टी ड्रेस के लिए ब्रैंडन मैक्सवेल अपनी आकर्षक हॉल्टर नेक फ्रॉक के साथ सबसे बेहतरीन लग रही हैं।




## घर पर फुट स्पा करते हुए इन टिप्स को करें फॉलो

पूरा दिन काम करने के बाद जब हम थक जाते हैं तो खुद को रिलैक्स करने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इन्हीं में से एक है फुट स्पा। अक्सर छुट्टी के दिन खुद को पैम्पर करने के लिए या फिर अपनी थकान दूर करने के लिए हम घर पर ही फुट स्पा करते हैं। यह यकीनन खुद को आराम पहुंचाने का एक अच्छा तरीका है।
लेकिन जब आप घर पर फुट स्पा कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। घर पर फुट स्पा करते हुए आपको हेल्प करने वाला कोई नहीं होता है, इसलिए आपको सारी तैयारी खुद ही करनी होती है। कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में आपको जानना चाहिए, जिन्हें आपको फुट स्पा करते हुए ध्यान में रखना चाहिए-



### अपने सामान को करें इकट्ठा

अगर आप घर पर फुट स्पा कर रही हैं तो ऐसे में आपको सबसे पहले सारा सामान इकट्ठा करना चाहिए। दरअसल, जब आप फुट स्पा करती हैं तो ऐसे में बीच में आपको सामान देने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए, आप फुट स्पा के दौरान काम में आने वाली चीजें जैसे टब, एप्सम सॉल्ट, गर्म पानी, तौलिए, फुट स्क्रब, मॉइश्चराइजिंग लोशन, नेल क्लिपर, फाइल आदि को एक जगह रखें। इससे आपके लिए फुट स्पा करना अधिक रिलैक्सिंग होगा।

### पैरों को करें प्रिपेयर

सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन फुट स्पा करने से पहले अपने पैरों को प्रिपेयर करना भी उतना ही जरूरी होता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप पहले अपने नेल्स को काटकर शेप दें। साथ ही, अगर नेल्स पर नेल पॉलिश लगी है तो उसे रिमूव कर दें और पैरों को अच्छी तरह धो लें। इस तरह जब आप पहले पैरों को प्रिपेयर करते हैं तो फुट स्पा के दौरान आपको अधिक आसानी होगी।

### पानी के टेंपरेचर का रखें ध्यान

फुट स्पा के दौरान आपको पानी के टेंपरेचर का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए। अगर पानी बहुत अधिक गर्म या ठंडा होता है तो इससे आपको स्पा का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप टब में गुनगुना पानी डालें। साथ ही, इसमें एप्सम सॉल्ट डालें। इससे आपकी मसल्स रिलैक्स होती हैं। साथ ही, आप पैरों को लगभग 15-20 मिनट तक भिगोकर रखें।

## डीप नेक ब्लाउज में स्टनिंग दिखने के लिए अपनाएं इन जरूरी टिप्स को





जब हम साड़ी या लहंगा पहनते हैं तो उसमें स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल करवाते हैं। इनमें डीप नेक ब्लाउज यकीनन काफी स्टाइलिश लगते हैं। डीप नेक ब्लाउज आपको एक स्टेटमेंट लुक देते हैं। हालांकि, इन्हें सही तरह से स्टाइल करना बेहद जरूरी होता है, ताकि आप एलीगेंस के साथ इसे कैरी कर सकें। अगर डीप नेक ब्लाउज को सही तरह से स्टाइल ना किया जाए तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको डीप नेक ब्लाउज को पहनते समय ध्यान में रखना चाहिए-

### ब्लाउज के साथ ब्रा पर दें ध्यान



जब आप डीप नेक ब्लाउज को स्टाइल कर रही हैं तो आपको उसके साथ-साथ ब्रा पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर आपकी ब्रा सही नहीं होगी तो यह ब्लाउज में विजिबल होगी। ऐसे में आपका पूरा लुक ही बिगड़ जाएगा। कोशिश करें कि आप ऐसी ब्रा चुनें, जो आपके ब्लााउज की नेकलाइन को कॉम्पलीमेंट करती हो। आप चिपकने वाली या सिलिकॉन ब्रा पहन सकती हैं।

### स्टाइलिश हो एक्सेसरीज

जब आप डीप नेक ब्लाउज कैरी करती हैं तो उसके साथ सही एक्सेसरीज पहनकर आप एक स्टेटमेंट लुक कैरी कर सकती हैं। मसलन, डीप नेक ब्लाउज के साथ चंकी नेकलेस या चोकर स्टाइल किया जा सकता है।

### फिटिंग को करें चेक

डीप नेक ब्लाउज में आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब उसकी फिटिंग अच्छी हो। सही ढंग से सिलवाया गया ब्लाउज न केवल दिखने में अच्छा लगेगा, बल्कि इससे आपको सही कवरेज भी मिलेगा।

## बिना काटे दोमुंहे बालों से इस तरह पाएं छुटकारा



अगर आप दोमुंहे बालों की समस्या से परेशान हैं, तो इससे छुटकारा पाने के लिए घरेलु नुस्खे आजमा सकती हैं। स्प्लिट एंड्स यानि दोमुंह बाल तब होते हैं जब बाल बहुत रुखे हो जाते हैं, जिसकी वजह से छल्ली, जो बालों की सबसे ऊपरी सुरक्षात्मक परत होती है, बालों के सिरों से अलग हो जाती है और फिर सिरे दो भागों में बंट जाते हैं। बालों के सिरों को समय-समय पर ट्रिम करना दोमुंहे बालों को रोकने का एक आसान तरीका है। लेकिन आप कई घरेलू उपचार या फिर टिप्स की सहायता से इस समस्या से छुटकारा पा सकती हैं। दोमुंहे बालों को कम करने आप गर्म तेल की मदद ले सकती हैं। बस आप हफ्ते में दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके अपने बालों में लगाएं। साथ ही, दोमुंहे बालों के सिरों पर भी लगाएं। फिर एक तौलिये को गर्म पानी में डुबोएं और पानी को निचोड़ें। फिर गर्म तौलिया को सिर पर पगड़ी की तरह लपेट दें। इसे 5 मिनट तक लगाकर ऐसे ही रहने दें। आप अपने सिर पर गर्म तौलिया को लपेटने की प्रक्रिया को कम से कम 3 से 4 बार दोहराएं। यह बालों और स्कैल्प के तेल को बेहतर तरीके से अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे दोमुंहे बाल खुद ही ठीक हो जाते हैं।

## ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को चमकाएं



ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को साफ करने से भी आपको ढेरों फायदे मिलेंगे। खासतौर पर अगर आपकी त्वचा बहुत अधिक ऑयली है, तो ग्रीन-टी आपकी त्वचा से निकलने वाले एक्स्ट्रा ऑयल को कम करती है। मौसम गर्मी का हो या फिर सर्दियों का, अगर आपकी त्वचा सूर्य के संपर्क में आती हैं, तो टैनिंग होना लाजमी है। त्वचा को सूर्य की तेल किरणों से बचाना तो आसान नहीं है मगर त्वचा पर टैनिंग न हो इसके लिए हम ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को साफ कर सकती हैं।
ग्रीन-टी में एक्सफोलिएटिंग पावर होती है, साथ ही यह त्वचा को सूर्य की यूवी किरणों से डैमेज होने से बचाती है। अगर आप भी रोज सुबह उठते ही ग्रीन-टी के पानी से चेहरे को वॉश करती हैं तो आपको टैनिंग की समस्या में राहत मिलेगी। ग्रीन-टी का पानी मुंहासे की संभावनाओं को भी कम करता है। दरअसल, ग्रीन-टी में त्वचा से निकलने वाले एक्स्ट्रा ऑयल को कंट्रोल करने की क्षमता होती है और इस वजह से होने वाली मुंहासे की संभावना भी कम हो जाती है। अगर आपके पहले से ही मुंहासों की समस्या है तो भी आप ग्रीन-टी का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप इसमें नींबू के रस की 5 से 7 बूंदे मिक्स कर सकती हैं और इस मिश्रण से चेहरे को साफ कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**सही तरीके से इस्तेमाल करने पर निखरेगा आपका रूप**

## नेचुरल लुक के लिए फाउंडेशन का इस्तेमाल बुरा नहीं, लगाते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

बदलते समय के साथ-साथ मेकअप महिलाओं की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। ये सिर्फ खूबसूरत दिखने का सामान नहीं, बल्कि ये एक आर्ट है। देखने वाले तो खूबसूरत मेकअप देखकर बस तारीफ करके चले जाते हैं पर, असल में इसे करने में काफी मेहनत लगती है। खासकर जब कोई महिला मेकअप करने बैठती है तो उसके लिए सही तरह का फाउंडेशन का इस्तेमाल करना और सही से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, अगर आपका फाउंडेशन सही नहीं लगा है तो आपका बाकी का पूरा मेकअप खराब हो सकता है। खासकर दिक्कत उन महिलाओं के सामने आती है जो हमेशा नेचुरल मेकअप पर भरोसा करती हैं। आपको फाउंडेशन का सही इस्तेमाल का तरीका जानना चाहिए। जिसके बाद आप महज कुछ बातों का ध्यान रखकर एकदम नेचुरल लुक पा सकती हैं। आपको यह भी जानना चाहिए कि फाउंडेशन के इस्तेमाल से पहले और बाद में आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



### सही फाउंडेशन का चुनाव

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल करने का सोच रही हैं, तो सबसे पहले सही फाउंडेशन का होना बेहद जरूरी है। अगर ये आपकी स्किन टोन और टाइप के हिसाब का नहीं होगा तो हो सकता है कि इसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा एक शेड डार्क या फिर एकदम सफेद दिखने लगे।

### सही से करें ब्लेंड

अगर आप फाउंडेशन का इस्तेमाल सही तरीके से करेंगी तो आपका लुक एकदम नेचुरल आएगा। क्या आप जानती हैं कि फाउंडेशन को लगाने से पहले सही से ब्लेंड करना चाहिए। ये जितना अच्छे से ब्लेंड होगा, उतना ही इसका लुक निखर कर आएगा।
कंसीलर इस्तेमाल करते वक्त रखें ये ध्यान
अगर आपके चेहरे पर पिंपल्स या अन्य दाग-धब्बे हैं तो कंसीलर का इस्तेमाल स्वाभाविक है। ऐसे में इसका इस्तेमाल फाउंडेशन के बाद ही करें वरना कंसीलर की वजह से फाउंडेशन का शेड खराब हो सकता है। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल कर रहीं हैं तो आपको इसे स्किन पर फैलाने के लिए ब्रश की मदद लेनी चाहिए, पर ध्यान रखें कि फाउंडेशन को ब्लेंड हमेशा ब्यूटी ब्लेंडर के साथ ही करना चाहिए।

### सेटिंग स्प्रे करेगा मदद

फाउंडेशन लगाने के बाद अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप देर तक टिका रहे तो सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें।

